वर्ष-3, अंक-306
इन्दौर शनिवार 02 मई 2026 पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

चाणक्य नीति

जिस ने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

मजदूर दिवस पर फूटा महंगाई बम...

19 किलो वाला सिलेंडर 994 रुपए, तो 5 किलो एलपीजी 261 रुपए हुआ महंगा

मजदूर वर्ग, प्रवासियों और घर से बाहर रह रहे छात्रों पर महंगाई की तगड़ी मार

श्रमिकों को मिलेगी 162 रू. किलो गैस !

- सिलेंडर के दाम बढ़ने पर राहुल गांधी बोले-पहली स्ट्राइक गैस पर, अगली स्ट्राइक पेट्रोल-डीजल पर

● नई दिल्ली, ईएमएस

दुनियाभर में शुक्रवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इस बीच, भारत में महंगाई का बड़ा झटका लगा है। खासकार कामगारों के लिए, क्योंकि कमर्शियल सिलेंडर के साथ ही 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमतों में भी इजाफा किया गया है। 5 किलो वाला सिलेंडर श्रमिक-मजदूर वर्ग, प्रवासियों और घर से बाहर रह रहे स्टूडेंट्स को ध्यान में रखकर बनाया गया था। अब इनपर महंगाई की तगड़ी मार पड़ी है।

तेल कंपनियों ने 5 किलो वाले एलपीजी की कीमतों में 261 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो एक बड़ी बढ़ोतरी है। इस बढ़ोतरी के साथ ही अब 5 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो चुका है। यानी श्रमिकों को अब 162 रूपए किलो रसोई गैस मिलेगी। यानी घरेलू गैस से यह तीन गुना महंगी हो गई है। क्योंकि घरेलू गैस प्रति किलो 65 रूपए पड़ रही है।वहीं कमर्शियल एलपीजी के दाम में इजाफा हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों ने 1 मई से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 994 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। अगर किलो के मान से देखें तो कमर्शियल गैस 160 रूपए प्रति किलो पड़ रही है। उधर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चेतावनी देते हुए कहा कि गैस के बाद अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने लिखा कि पहली स्ट्राइक गैस पर, अगली स्ट्राइक पेट्रोल-डीजल पर। वहीं इस बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली, मुंबई समेत बाकी शहरों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 3 हजार रुपये के भी पार पहुंच गई हैं। हालांकि, तेल कंपनियों ने आम लोगों को राहत देते हुए घरेलू (14.2 किलो वाले सिलेंडर) के दाम में कोई इजाफा नहीं किया है। 19 किलो वाले सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 1 कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 3071.50 रुपये हो गई है, जो कि 1 अप्रैल को इसकी कीमत 2078.50 रुपये थी यानी कि एक सिलेंडर के दाम में एक मई से 993 रुपये का इजाफा हुआ है। इस बढ़ोतरी के बाद देश भर में होटल और रेस्टोरेंट के बिल बढ़ जाएंगे। साथ ही बाकी खाने वाली चीजों के दाम में भी बढ़ोतरी हो सकती है। इसके अलावा, स्ट्रीट फूड के दाम भी बढ़ सकती है। चाय से लेकर समोसे तक के दाम में इजाफा हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, 5 किलोग्राम वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में भी प्रति सिलेंडर 261 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। अब 5 किलो वाला ये सिलेंडर 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो चुका है। 5 किलो वाला सिलेंडर कामगारों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण होर्मुज का रास्ता ब्लॉक है, जहां से भारत बड़े स्तर पर गैस और तेल आता था। रास्ता बंद होने से गैस और तेल की सप्लाई में कमी आई है, जिस कारण भारत कई और जगहों से तेल और गैस का आयात बढ़ा रहा है।

सिलेंडर नहीं रोटी-थाली महंगी होती है

गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा कि, सिलेंडर महंगा नहीं होता, रोटी-थाली महंगी होती है। ये बात वही जानता है जो खुद खरीदकर खाता है, वो नहीं जो दूसरों के यहां जाकर खाता है या दूसरों की थाली से चुराता है। सिलेंडर महंगा करना था तो सीधे 1000 रुपये महंगा कर देते। 1000 में 7 रुपये कम करके ये भाजपावाले किस पर एहसान कर रहे हैं?

यही है भाजपा का अच्छे दिनों का चेहरा

आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने भी केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कमर्शियल सिलेंडर के बाद अब छोटू सिलेंडर को भी 261 महंगा कर दिया है। चुनाव के दौरान जो कीमतें थमी हुई थीं, वो अब अचानक आसमान छूने लगी हैं। ये महंगाई सीधे तौर पर रेहड़ी-पटरी वालों, मजदूरों और आम जनता के बजट पर प्रहार है। साफ है कि भाजपा को सिर्फ जनता के वोट से मतलब है, उनके दर्द से नहीं। भाजपा का जनता को रिटर्न गिफ्ट! कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 993 का भारी इजाफा। दिल्ली में अब एक सिलेंडर 3071.50 का मिलेगा। चुनाव के वक्त जो कीमतें थमी हुई थीं, वो अब आसमान छू रही हैं। यही है भाजपा का अच्छे दिनों का असली चेहरा।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार को घेरा

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव के बाद महंगाई बढ़ेगी और अब वही हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि आज कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। उन्होंने इसे चुनावी बिल करार दिया। उन्होंने आगे बताया कि फरवरी से अब तक गैस सिलेंडर की कीमत में कुल 1,380 रुपये का इजाफा हुआ है, यानी सिर्फ तीन महीनों में करीब 81 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस नेता के मुताबिक, इस बढ़ोतरी का सीधा असर चाय की दुकान, ढाबा, होटल, बेकरी और मिठाई की दुकानों पर पड़ेगा, जिससे आम लोगों की थाली भी महंगी होगी।

बरगी डैम में मृतकों की संख्या हुई नौ , पीएम ने व्यक्त किया शोक

मौतों का जिम्मेदार कौन...?

पीड़ितों से मिले सीएम , क्रूज हादसे की जांच के दिए आदेश.. लोगों की जान बचाने वाले होंगे सम्मानित

● जबलपुर, ईएमएस।

जबलपुर स्थित बरगी डैम में हुए क्रूज बोट हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। शुक्रवार को बचाव दल ने तीन और शव बरामद किए हैं। इस तरह से हादसे में कुल नौ लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे को लेकर शोक व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों और घायलों के परिजनों के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने आर्थिक मदद की घोषणा की है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री जबलपुर पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात की। वहीं क्रूज हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। उनका कहना है कि बरगी बांध में हुआ हादसा चक्रवात की वजह से हुआ है। उसकी विस्तृत जानकारी जांच रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि इस हादसे में मन को बेहद दुख पहुंचा। दुर्घटना में रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को पानी से बाहर निकाला, उनका 15 अगस्त को सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि बरगी बांध में हुई दुर्घटना चक्रवात की वजह से घटी है। हमने कल ही अपने पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, एसीएस संजय दुबे के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजा। राहत-बचाव के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ को लगाया। मुझे मिली जानकारी के मुताबिक इस घटना में 29 लोगों को बचाया गया है। वहीं, राज्य के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि अभी भी कुछ पर्यटक लापता हैं और उन्हें तलाशने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य पूरा होने के बाद हादसे की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सरकारी स्तर पर तैयारी चल रही है

मां के सीने से लिपटा मिला मासूम बेटे का शव

बरगी डैम में बचाव कार्य के दौरान जब टीमों ने एक मां और उसके चार साल के बेटे का शव निकाला, तो लोगों की रूह कांप उठी। मां के सीने से लिपटा मासूम बेटा देख मौके पर खड़े लोगों की आंखें छलक उठीं। मां और बेटे दोनों की जान चली गई, लेकिन मां ने आखिरी सांस तक बेटे को नहीं छोड़ा। मौत के बाद भी वह अपने ममता के आंचल में मासूम को समेटे हुए थी। यह दृश्य इतना मार्मिक था कि कठोर दिल वाले लोग भी सिहर उठे।

आर्थिक सहायता की घोषणा

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतकों के परिवारजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

रेस्क्यू टीम ने किया तत्परता से काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी बरगी बांध में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हमने इस घटना को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे की वजह से मन बहुत दुखी है। हमारी रेस्क्यू टीम तत्पर थी। उसने क्रूज को काटकर लोगों को पानी से बाहर निकाला है। रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को निकाला है, हम उन्हें 15 अगस्त को सम्मानित करेंगे।

28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया

अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार शाम अचानक आए तेज तूफान के चलते बरगी डैम में एक क्रूज बोट पलट गई थी। नाव में 43 लोग सवार थे। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। वह डैम नर्मदा नदी पर बना हुआ है। लापता लोगों की तलाश के लिए सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रातभर सर्च ऑपरेशन में जुटी रहीं। राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि क्रूज बोट को पानी से बाहर निकालने के लिए हाइड्रोलिक क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

बंगाल में 15 बूथ पर आज दोबारा वोटिंग

ईवीएम से छेड़छाड़-हिंसा की शिकायत थी

कोलकाता, ईएमएस। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा वोटिंग कराने का फैसला किया है। दरअसल 29 अप्रैल को हुई वोटिंग के दौरान डायमंड हार्बर के 4 और मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों पर हिंसा, ईवीएम से छेड़छाड़ और झड़प हुई थी। जिससे मतदान प्रभावित हुआ था। वहीं कोलकाता में ईवीएम स्ट्रॉन्गरूम के बाहर टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के धरना और प्रदर्शन के बाद सिक्योरिटी सख्त कर दी गई है। पुलिस ने कोलकाता के 7 स्ट्रॉन्ग रूम के 200 मीटर के दायरे में 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी है और सीआरपीएफ की करीब 700 कंपनियां तैनात की गई हैं। प्रशासन ने यह फैसला खुदीराम अनुशीलन केंद्र के स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर गुरुवार रात टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के 5 घंटे विरोध-प्रदर्शन के बाद लिया गया है।



अप्रैल में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली, ईएमएस। अप्रैल में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जीएसटी संग्रह 2.43 लाख करोड़ रुपये हो चुका है, जो पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में 8.7 फीसदी अधिक है। पिछले साल अप्रैल में 2.23 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 फीसदी बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

मान सरकार ने पास किया फ्लोर टेस्ट

सीएम मान पर लगे शराब पीकर विधानसभा में आने के आरोप

चंडीगढ़, ईएमएस। आम आदमी पार्टी के विधायकों के भाजपा में जाने की अफवाहों के बीच पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। 94 में से 88 विधायकों ने सरकार के पक्ष में वोट दिया। वहीं 4 विधायक गैरहाजिर रहे, जबकि 2 विधायक लालजीत सिंह भुल्लर और हरमीत सिंह पठानमाजरा जेल में बंद हैं। इस दौरान कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के विधायक मौजूद नहीं रहे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि इसकी कॉपी राष्ट्रपति के पास लेकर जाऊंगा। उधर, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर शिरोमणि अकाली दल ने विधानसभा के अंदर शराब पीकर आने का आरोप लगाया है। इस संबंध में अकाली दल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल से सीएम मान का एक वीडियो भी जारी किया और इस कृत्य को शर्मनाक बताया। दूसरी ओर भाजपा ने भी इसे संविधान और विधानसभा की मर्यादा का अपमान बताते हुए मुख्यमंत्री की आलोचना की है।



राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत

इंडियन रेटेन वाले बयान के लिए एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

प्रयागराज, ईएमएस। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 15 जनवरी 2025 को नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन के मौके पर एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि हमारी लड़ाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी और इंडियन स्टेट से है। इस बयान में इंडियन स्टेट पर हंगामा मच गया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राहुल गांधी को देशविरोधी बताते हुए मोर्चा खोल दिया था। इसे लेकर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर हुई थी। इस पर अब हाईकोर्ट का फैसला आ गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को ओपन कोर्ट में अपना फैसला सुनाते हुए यह याचिका खारिज कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में यह याचिका सिमरन गुप्ता ने दायर की थी। सिमरन गुप्ता ने पहले संभल की चंदौसी कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी की याचिका दाखिल की थी। चंदौसी कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को इस याचिका पर अपना फैसला सुनाया था। चंदौसी कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। चंदौसी कोर्ट के फैसले को सिमरन गुप्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

ग्वालियर हाईकोर्ट बेंच का बड़ा फैसला...

सरकार नहीं थोप सकेगी नियम, सीनियरिटी बाध्यकारी नहीं

ग्वालियर, ईएमएस। ग्वालियर स्थित मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की युगल पीठ ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के अधिकारों को लेकर अहम और ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों को अपने प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य के चयन का पूर्ण संवैधानिक अधिकार है। राज्य सरकार इन संस्थानों पर वरिष्ठता आधारित नियम लागू करने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। सुनवाई के दौरान पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में प्राचार्य की भूमिका केंद्रीय होती है, जो अनुशासन, प्रशासन और शिक्षा की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। ऐसे में संस्थान को यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह अपनी आवश्यकता और योग्यता के आधार पर नेतृत्व का चयन करे, भले ही वह व्यक्ति वरिष्ठतम न हो। कोर्ट ने 25 अगस्त 2021 और 8 सितंबर 2021 को जारी उन सरकारी सर्कुलरों को अल्पसंख्यक संस्थानों पर लागू होने के मामले में निरस्त कर दिया, जिनमें वरिष्ठतम शिक्षक को ही प्रभारी बनाने का प्रावधान था। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि एक बार प्रबंधन द्वारा किसी योग्य व्यक्ति का चयन कर लिया जाए, तो उसकी उपयुक्तता पर सरकार या न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

विदिशा से ग्वालियर तक की कानूनी जंग

वरिष्ठ अधिवक्ता एमपीएस रघुवंशी के मुताबिक, यह मामला विदिशा स्थित एसएसएल जैन पीजी कॉलेज से शुरू हुआ। कॉलेज की तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ. शोभा जैन के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रबंधन समिति ने डॉ. एसके उपाध्याय को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया। हालांकि, शासन के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक ने इस फैसले को निरस्त करते हुए वरिष्ठता के आधार पर डॉ. अर्चना जैन को प्रभार सौंपने का आदेश जारी कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट से पवन खेड़ा को बड़ी राहत

मानहानि और फर्जीवाड़ा केस में मिली अग्रिम जमानत

नई दिल्ली, ईएमएस। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें फर्जी दस्तावेज और मानहानि से जुड़े एक मामले में अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एएस चंदूरकर की पीठ ने यह राहत कुछ शर्तों के साथ दी। अदालत ने कहा कि यदि खेड़ा की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें जमानत दी जाएगी, लेकिन उन्हें जांच में पूरा सहयोग करना होगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खेड़ा जब भी पुलिस बुलाए, उन्हें उपस्थित होना होगा और मामले से जुड़े किसी भी सबूत से छेड़छाड़ या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही, बिना अदालत की अनुमति के वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे।



शेयर बाजार से बोरिया-बिस्तर समेट रहे विदेशी !

4 महीने में निकाल लिए 1.92 लाख करोड़

● नई दिल्ली।, ईएमएस

भारतीय शेयर बाजार के लिए इस साल की शुरुआत काफी उथल-पुथल भरी रही है. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार भारतीय बाजार से अपना पैसा निकाल रहे हैं. सिर्फ अप्रैल महीने के आंकड़ों पर ही नजर डालें, तो विदेशी निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की भारी भरकम निकासी की है. यह कोई आम बिकवाली नहीं है. साल 2026 के शुरुआती चार महीनों में ही बाजार से कुल 1.92 लाख करोड़ रुपये निकाले जा चुके हैं. यह आंकड़ा इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि पूरे 2025 में विदेशी निवेशकों ने कुल 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे. इस बार केवल चार महीनों में ही उस पुराने रिकॉर्ड को पार कर लिया गया है.डेटा पर गौर करें तो इस साल फरवरी को छोड़ दिया जाए, तो हर महीने भारी बिकवाली हुई है. जनवरी में एफपीआई ने 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे. हालांकि, फरवरी में थोड़ी राहत मिली और 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो पिछले 17 महीनों में सबसे बड़ा मासिक निवेश था. लेकिन यह तेजी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी. मार्च में अब तक की सबसे बड़ी 1.17 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड निकासी देखी गई और यही नकारात्मक सिलसिला अप्रैल में भी जारी रहा. बाजार के जानकारों का स्पष्ट मानना है कि इस भारी बिकवाली के पीछे मुख्य रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था की अस्थिरता और तेजी से बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव (जियोपोलिटिकल रिस्क) जिम्मेदार हैं. जब दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल होता है, तो बड़े निवेशक जोखिम लेने से बचते हैं।

क्रूड ऑयल और ग्लोबल टेंशन का कॉकटेल

बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों में आग लगा दी है. इसके कारण दुनिया भर में एक बार फिर से महंगाई बढ़ने का डर सताने लगा है. महंगाई की इसी चिंता ने केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया है, जिससे वैश्विक बॉन्ड यील्ड ऊंचे स्तर पर बनी हुई है. उधर, एंजेल वन के वरिष्ठ विश्लेषक वकार जावेद खान इसे अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का सीधा 'रिस्क-ऑफ रिएक्शन मानते हैं. कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया है और डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होकर 92 के स्तर तक पहुंच गया है।

रूस के 210 ड्रोन हमले से दहला यूक्रेन

ऊर्जा और रेलवे नेटवर्क पर हमला, बिजली-पानी पर भी संकट

कीव, ईएमएस। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर कड़ा दबाव बनाने और समन्वित प्रतिबंध लगाने की अपील की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि रूस ने रातभर में 210 ड्रोन हमले किए, जिनमें से करीब 140 शाहेद ड्रोन थे। इन हमलों का निशाना आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाएं रहीं। उन्होंने कहा कि ओडेसा में आवासीय इमारतों पर हुए हमलों में आग लग गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए। वहीं, क्रिवी रिह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। इसके अलावा सूमी और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में भी हमले किए गए। जेलेंस्की ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया, जिसमें ट्रैक्शन सबस्टेशन प्रभावित हुए। कई रेल डिब्बों में आग लग गई और हजारों परिवारों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के ऊर्जा सेक्टर, नागरिक सुविधाओं और महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि इस तरह के लगातार हमले यह साबित करते हैं कि रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाना बेहद जरूरी है ताकि यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध नीति को और मजबूत करने की जरूरत है और सभी सहयोगी देशों को अपने प्रतिबंधों को एक साथ लागू करना चाहिए।

संपादकीय

एग्जिट पोल पर पश्चिम बंगाल में घमासान

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में एसआईआर से लेकर मतदान होने तक चुनाव आयोग, भारतीय जनता पार्टी तथा टीएमसी के बीच में लगातार टकराव देखने को मिला है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह से चुनाव आयोग चुनाव करा रहा है, उसकी चर्चा संपूर्ण भारतवर्ष में हो रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर जिस तरह से हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और ट्रिब्यूनल तक मतदाता और टीएमसी अपनी लड़ाई लड़ रही है। ऐसी स्थिति इससे पहले कभी नहीं देखी गई। तार्किक विसंगति के नाम पर पश्चिम बंगाल में पहली बार चुनाव आयोग ने एक करोड़ से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर कर दिया था। उसके बाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़ने के बाद अभी भी 62 लाख मतदाताओं को मतदान का अधिकार नहीं मिला। इसको लेकर पश्चिम बंगाल में पिछले कई महीनों से मतदाताओं और राजनीतिक दलों के बीच में तनाव है। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल को लेकर जो नए-नए नियम बना रहा है।

उसको लेकर भी बार-बार टीएमसी को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाकर लड़ाई लड़नी पड़ी है। चुनाव आयोग के मामले में न्यायपालिका का रुख हस्तक्षेप करने का नहीं होने से, टीएमसी को न्यायपालिका से जो राहत मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिली। ऊल्टे मतदाताओं के दस्तावेजों का परीक्षण करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ट्रिब्यूनल बनाकर, न्यायपालिका ने न्यायिक अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी। उसके बाद भी मतदाता मतदान करने से वंचित रहे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जो पश्चिम बंगाल में हुआ है। रही-सही कसर अब एग्जिट पोल के माध्यम से पूरी होती हुई दिख रही है। राष्ट्रीय चैनल और कुछ ऐसी सर्वे एजेंसी है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी को सरकार एग्जिट पोल में पश्चिम बंगाल में बना दी है। भाजपा को 190 सीटों पर जीत मिलने का दावा एग्जिट पोल में किया गया, जो जमीनी हकीकत के विपरीत है। पश्चिम बंगाल के दो बांग्ला चैनलों ने भी एग्जिट पोल किया। उसमें 161 सीटें टीएमसी को और भाजपा को 71 सीटें तथा 49 सीटों पर कांटे की टक्कर बताई गई। आनंद बाजार पत्रिका समूह के बांग्ला न्यूज चैनल ने टीएमसी को 177 से लेकर 187 सीटें मिलने का अनुमान जताया। वहीं भारतीय जनता पार्टी को 100 सीटें मिलने की संभावना जताई है। एग्जिट पोल में भारी अंतर होने तथा जमीनी हकीकत के विपरीत एग्जिट पोल आने से पश्चिम बंगाल में घमासान शुरू हो गया है। चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर टीएमसी बार-बार सवाल खड़े करती रही है। ऐसी स्थिति में मतगणना के पहले टीएमसी ने फार्म 17 का रिकॉर्ड अपने सभी बूथ एजेंट से मंगा लिया है। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल के सभी बूथ में उपयोग में लाई गई ईवीएम मशीन, उनके सीरियल नंबर तथा शुरू और अंतिम मत संख्या का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर लिया है। मतगणना स्थल पर टीएमसी के सभी मतगणना एजेंटों को सूची उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि मतगणना के समय किसी किस्म की गड़बड़ी ना हो। पहली बार पश्चिम बंगाल में इस तरह की तैयारी ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने की है। भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत का आरोप टीएमसी हर स्तर पर लगाती आ रही है।

ऐसी स्थिति में मतगणना के दौरान टीएमसी के एजेंट किसी भी किस्म की गड़बड़ी रोकने के लिये सजग होंगे। एग्जिट पोल ने एक तरह से मतगणना के पहले आग में घी डालने का काम किया है। भाजपा और चुनाव आयोग को लेकर टीएमसी आक्रामक है। वहीं ममता बनर्जी और टीएमसी के ऊपर चुनाव आयोग और भाजपा आक्रामक है। ऐसी स्थिति में मतगणना के दौरान और मतगणना के पश्चात किस तरह के हालात प. बंगाल में बनेंगे, इसको लेकर अभी से तरह-तरह की चिंता व्यक्त की जाने लगी है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी का गांव-गांव तक केडर है। इस बार टीएमसी ने भाजपा चुनाव आयोग से लड़ने की पूरी तैयारी की है। ऐसी स्थिति में मतगणना के दौरान चुनाव आयोग को सजग होने की जरूरत है। गड़बड़ी होने की स्थिति में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था को संभालना बहुत मुश्किल होगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए चुनाव आयोग को मतगणना और परिणाम घोषित करने में पारिदर्शिता एवं निष्पक्षता से हो, इसका प्रयास करना होगा। ताकि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति सही बनी रहे। चुनाव आयोग ने अभी तक बूथ-विधानसभा में हुए मतदान के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये हैं। जिसके कारण चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक दलों का चुनाव आयोग पर विश्वास खत्म होता जा रहा है। चुनाव आयोग पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सभी दलों के साथ सहयोग करेगा। तभी चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बढ़ेगी। चुनाव आयोग पूर्व की भांति मतदाता सूची से लेकर मतदान और मतगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करना आवश्यक है। चुनाव आयोग को गंभीरता से इस पर विचार करने की जरूरत है।

सनत जैन

राज काज

केजरीवाल को याद आए गाँधी

आदमी जब कष्ट में होता है। तभी उसे भगवान याद आते हैं। भारत की राजनीति में जो नेता हैं, जब वह कष्ट में होते हैं। तो उन्हें गांधी याद आते हैं। एक बार फिर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गांधी जी की शरण में पहुंचे हैं। इस बार उन्होंने गांधी जी के पीछे छुपकर दिल्ली हाईकोर्ट की जज स्वर्णकांता शर्मा पर निशाना साधा है। यह निशाना तभी सही निशाने पर लगेगा, जब गांधी जी का आशीर्वाद होगा। इस कलयुग के इस शासन में गांधी से ज्यादा तो गोडसे पूजे जा रहे हैं। केजरीवाल को गोडसे की शरण में भी जाना चाहिए।

महिला आरक्षण के जरिये 2029 में 400 पार

भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण मुद्दे पर देश के सभी राज्यों में प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। जहां डबल इंजन की सरकारें हैं। वहां की विधानसभा से महिला आरक्षण के संकल्प परित कराए जा रहे हैं। महिलाओं की आड़ में अब भाजपा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने हुए 2029 में 400 पार का नारा पूरा करेगी इसके लिए भाजपा की नवदल महिलाएं ही करेगी। भाजपा ने ऐसा गलती जरूर कर दी है। पश्चिम बंगाल में उन्होंने महिला सुरक्षा की से लड़कर इस जोखिम से लिया है। भाजपा नासती है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चमत्कारी हैं, अनेक वाले तनाव में वह कौन सा चमत्कार दिखाएंगे। यह तो नरेंद्र मोदी जी ही जानते हैं। जनता दीदी खुद पर में आ सकती हैं।

पेट्रोल का जवाब इथेनॉल?

खाड़ी और यूरोप के देश भारत को कच्चे तेल को लेकर आंखें दिखा रहे थे। भारत ने अब उन्हें आँख दिखाना शुरू कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने 85 फीसदी इथेनॉल का उपयोग पेट्रोल में करने की अनुमति देने जा रही है। भारत वह देश है, जो किसी की दादागिरी स्वीकार नहीं करता है। हम इतना एथेनॉल बना लेंगे, हमें रूस अमेरिका और खाड़ी के देशों की जरूरत ही नहीं होगी। रही सही कसर सूर्य भगवान पूरी कर देंगे। सौर ऊर्जा से पूरी हो जाएगी। जिस देश में सूर्य नारायण की कृपा हो उसे अन्य ऊर्जा की जरूरत ही नहीं है। इसे कहते हैं, भारत का विश्व गुरु होना।

पश्चिम बंगाल से सिक्किम होते हुए उप्र पहुंचे मोदी

भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनाव के मूड में रहती है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी पूरी ताकत लगाई। जैसे ही चुनाव प्रचार खत्म हुआ। प्रधानमंत्री सिक्किम चले गए। वहां पर उन्होंने दूसरे दिन जब बंगाल में मतदान हो रहा था। वह फुटबॉल मैच खेल रहे थे। पश्चिम बंगाल का चुनाव प्रचार पूरा किया। सिक्किम से उत्तर प्रदेश ने आकर 2027 के चुनाव प्रचार की तैयारी शुरू कर दी। लोकतंत्र में चुनाव जीतकर ही सत्ता की स्थापी की जा सकती है। मोदी जी हमेशा चुनावी जीत की तुझ में रहते हैं।

अंतरजातीय संबंधों पर सामाजिक हिंसा का संकट और बदलते समाज की चुनौती

कलिलाल माडोत

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के टामटिया गांव में घटी हालिया घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं है बल्कि यह हमारे समाज के भीतर गहराई तक जमी उन मानसिकताओं को उजागर करती है जो आज भी जाति और परंपरा के नाम पर इंसानियत को पीछे छोड़ देती हैं। एक प्रेम प्रसंग से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसा में बदल गया, जिसमें एक युवक की हत्या कर दी गई और उसके बाद गुस्से और बदले की भावना में गांव के कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, पुलिस बल तैनात है, और ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर 21वीं सदी में भी समाज इस तरह की त्रासदियों से क्यों जूझ रहा है। इस घटना की जड़ में एक अंतरजातीय प्रेम संबंध बताया जा रहा है। युवक और युवती के बीच संबंध को लेकर पहले भी विवाद हुआ था और मामला पुलिस तक पहुंचा था, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से स्थिति विगड़ती चली गई। जब परिवार और समाज प्रेम संबंध को स्वीकार नहीं कर पाते, तब ऐसे रिश्ते अक्सर टकराव का कारण बनते हैं। इस मामले में भी युवती के भाई ने संबंध का विरोध किया, जिससे तनाव बढ़ा और अंततः यह हिंसक रूप ले बैठा। आरोप है कि युवक की हत्या बेहद क्रूर तरीके से की

गई, जिसने पूरे गांव को झकझोर दिया। हत्या के बाद जो हुआ वह और भी चिंताजनक है। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया, घरों में आग लगा दी, और देखते ही देखते कई परिवार बेघर हो गए। बताया जा रहा है कि 30 से अधिक घर जलकर राख हो गए। यह केवल संपत्ति का नुकसान नहीं है, बल्कि उन परिवारों की जिंदगी पर गहरा आघात है, जिन्होंने एक ही रात में अपना सब कुछ खो दिया। आगजनी के बाद भी लंबे समय तक घरों से धुआं उठता रहा, जो इस त्रासदी की भयावहता का प्रतीक है।

घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले से मिल रही धमकियों के बावजूद पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण यह घटना हुई। यही कारण है कि अब लोग आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जब आम नागरिकों को यह महसूस होता है कि उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, तो उनके भीतर व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है, जो आगे चलकर सामाजिक अशांति को जन्म देता है। यह घटना केवल एक गांव या एक राज्य तक सीमित नहीं है। देश के कई हिस्सों में आज भी अंतरजातीय विवाह या प्रेम संबंधों को लेकर इसी तरह की हिंसा देखने को मिलती है। समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी जातिगत सीमाओं को तोड़ने के लिए तैयार नहीं है। खासकर जब बात बेटियों की आती है, तो परिवारों में नियंत्रण और कठोरता और भी बढ़ जाती है।

यह एक गहरी विडंबना है कि जहां एक ओर समाज बहुओं को किसी भी जाति से स्वीकार कर लेता है, वहीं बेटियों के लिए वही स्वतंत्रता नहीं दी जाती। यह दोहरा मापदंड न केवल असमानता को बढ़ावा देता है बल्कि सामाजिक तनाव का कारण भी बनता है। समाज में लड़कियों की कमी भी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। कई क्षेत्रों में आज भी लिंगानुपात असंतुलित है, जिसके कारण हजारों युवक शादी से वंचित रह जाते हैं। इसके बावजूद अगर समाज अंतरजातीय विवाह को स्वीकार नहीं करता, तो यह समस्या और जटिल होती जाती है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम अपनी सोच को बदलें और रिश्तों को जाति के बजाय मानवीय आधार पर स्वीकार करें।

सुविचार

जो प्राणिमात्र के लिये अत्यन्त हितकर हो, मैं इसी को सत्य कहता हूँ।

- वेदव्यास

जो अपने को बुद्धिमान समझता है वह सामान्यतः सबसे बड़ा मूर्ख होता है।

- सुदर्शन

प्रसंगत

मेहनत की कमाई

काशी में एक कर्मकांडी पंडित का आश्रम था, जिसके सामने एक जूते गांठने वाला बैठता था। वह जूतों की मरम्मत करते समय कोई न कोई भजन जरूर गाता था। लेकिन पंडित जी का ध्यान कभी उसके भजन की तरफनहीं गया था। एक बार पंडित जी मौनी व्रत पड़ गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। उस समय उन्हें वे भजन सुनाई पड़े। उनका मन रोग की तरफ से हट कर भजनों की तरफचला गया। धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ कि जूते गांठने वाले के भजन सुनते-सुनते उनका दर्द कम हो रहा है। एक दिन एक शिष्य को भेज कर उन्होंने उसे बुलाया और कहा, 'भाई तुम तो बहुत अच्छा गाते हो। मेरा रोग बड़े-बड़े वैद्यों के इलाज से ठीक नहीं हो रहा था लेकिन तुम्हारे भजन सुन कर मैं ठीक होने लगा हूं।' फिर उन्होंने उसे सौ रुपये देते हुए कहा, 'तुम इसी तरह गाते रहना।' रुपये पाकर जूते गांठने वाला बहुत खुश हुआ। लेकिन पैसा पाने के बाद से उसका मन कामकाज से हटने लगा। वह भजन गाना भूल गया। दिन-रात यही सोचने लगा कि रुपये को कहां संभालकर रखे। काम में लापरवाही के कारण उसके ग्राहक भी उस पर गुस्सा करने लगे। धीरे-धीरे उसकी दुकानदारी चौपट होने लगी। उधर भजन बंद होने से पंडित जी का ध्यान फिर रोग की तरफ जाने लगा।

कागज़ों में कैद इंसानियत: आखिर किस दिशा में जा रहे हैं हम और हमारा समाज?

सुनील कुमार महला

एक समय था जब इस धरती पर इंसानियत केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन का आधार हुआ करती थी। दुख में कंधा देने वाले लोग होते थे, व्यवस्था में संवेदनशीलता होती थी और नियमों के पीछे इंसान की पीड़ा को समझने की क्षमता थी। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि आज के समय में इंसानियत/मानवता पूरी तरह से खत्म हो गई है। आज भी इंसानियत जिंदा है और इसके बहुत से उदाहरण हमें आए दिन देखने को मिलते हैं।सरल शब्दों में कहें तो आज भी इंसानियत पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, लेकिन कुछ घटनाएँ ऐसी होती हैं जो हमें यह एहसास कराती हैं कि इंसानियत/मानवता समय के साथ अब हाशिए पर खड़ी है-कमजोर, घायल और लगभग दम तोड़ती हुई। दरअसल, हाल ही में ओडिशा के क्योंझर जिले से आई एक घटना ने पूरे समाज को भीतर तक झकझोर कर रख दिया। वास्तव में, यह कोई सामान्य खबर नहीं थी, बल्कि यह हमारे सिस्टम, हमारी संवेदनाओं और हमारे विकास के दावों पर एक करारा तमाचा थी।

ओडिशा के दियानाली गाँव का आदिवासी युवक जीतू मुंडा-जिसके पास पहले ही जीवन में बहुत कुछ नहीं था-अब अपनी बहन को भी खो चुका था। उसकी बहन कालना मुंडा, जिसने बड़ी मुश्किल से मनरेगा बैचकर 19,300 रुपए जमा किए थे, कुछ समय पहले इस दुनिया में नहीं रही। उस गरीब परिवार के लिए वही जमा राशि अब जीवन की आखिरी उम्मीद थी।लेकिन उम्मीद और हकीकत के बीच खड़ी थी-एक निर्दयी व्यवस्था।एक ऐसा सिस्टम जो सिर्फ और सिर्फ कागजों का खेल खेलना जानता है।

उफलब्ध जानकारी के अनुसार आदिवासी जीतू कई बार बैंक गया। उसने बैंक के बहुत चक्कर काटे, लेकिन हर बार उसने अपनी मजबूरी बताई, हर बार उसने बैंक कर्मचारियों/अधिकारियों से अपनी जमा धनराशि लौटाने की विनती की, हर बार उसने अपनी सच्चाई समझाने की कोशिश की। लेकिन हर बार उसे मिला-कागजों का पहाड़, नियमों की दीवार और संवेदनहीन जवाब-खाताधारक को लेकर आओ... बहन का मृत्यु प्रमाण-पत्र लाओ... यहाँ सवाल यह नहीं था कि नियम गलत थे। यह ठीक है कि नियम अपनी जगह नियम हैं,नियम होने भी चाहिए, व्यवस्था को सही तरीके से चलाने के लिए। लेकिन यहां सवाल यह था कि क्या उन नियमों के पीछे बैठा इंसान पूरी तरह गायब हो चुका था? एक अशिक्षित, गरीब आदिवासी युवक से यह उम्मीद करना कि वह तुरंत मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर लाएगा-क्या यह जमीनी सच्चाई से आंखें मूंद लेना नहीं है? क्या यह उस भारत की तस्वीर है, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सहारा मिलने की बात की जाती है ? जीतू के लिए जब हर दरवाजा बंद हो गया, जब उसकी हर उम्मीद टूट गई, तब जीतू ने वह किया जिसकी कल्पना मात्र से रूह कांप उठती है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार उसने अपनी बहन की कब्र खोदी, कब्र से उसका कंकाल निकाला, उसे अपने कंधे पर रखा और लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलकर बैंक पहुंच गया-सिर्फ यह साबित करने के लिए कि उसकी बहन सचमुच मर चुकी है। जरा सोचिए, उस रास्ते पर चलते हुए उसके मन में क्या चल रहा होगा? उसके मन-मस्तिष्क पर क्या बीत रही होगी? क्या वह सिस्टम को नहीं कोस रहा होगा। आज फर्जी कागजात से लोग न जाने क्या क्या कर लेते हैं, आए दिन हम फ्रोड की खबरें पढ़ते रहते हैं। सवाल यह भी उठता है कि सिस्टम को चलाने के लिए क्या सिर्फ और सिर्फ कागजों का पेट भरना ही अनिवार्य है। सवाल यह भी उठता है कि वह दर्द, वह अपमान, वह बेबसी-क्या कोई नियम, कोई प्रक्रिया उसे समझ सकती है। आदिवासी जीतू द्वारा अपनी बहन का कंकाल कंधे पर बैंक में लाने के बाद बैंक में अफरा-तफरी मच गई, पुलिस बुला ली गई, और बाद में मदद का आश्वासन भी दे दिया गया, लेकिन क्या यह पहले संभव नहीं हो सकता था। जीतू से उसकी समस्या को क्या पहले नहीं पूछा जाना चाहिए था या उसकी समस्या को लेकर क्या उसकी सहायता पहले ही नहीं की जानी चाहिए थी। बाद में ही सिस्टम के हाथ-पैर क्यों फूले। सवाल यह भी है कि क्या बैंक द्वारा यह मदद उस अपमान, उस मानसिक आघात और उस अमानवीय स्थिति की भरपाई कर सकती है।

जरा हटके

मौत का असली राज छिपा है हमारे डीएनए में: रिसर्च

लंदन (ईएमएस)। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर इंसान मरता कैसे है? क्या सिर्फ दिल की धड़कन रुकने से मौत हो जाती है या दिमाग काम करना बंद कर देने से? वैज्ञानिकों ने मौत के पीछे छिपे जैविक राज को खोल दिया है, और इसका असल जवाब इससे भी गहरा और हैरान करने वाला है। सबसे पहले समझते हैं कि क्लिनिकल मौत क्या है। जब किसी व्यक्ति के दिल की धड़कन रुक जाती है और सांसें बंद हो जाती हैं, तो डॉक्टर उसे क्लिनिकल टेथ घोषित कर देते हैं। इसके कुछ मिनट बाद दिमाग भी ऑक्सीजन ना मिलने से काम करना बंद कर देता है, जिसे ब्रेन डेथ कहा जाता है। लेकिन यह तो सिर्फ मौत का अंतिम चरण है, वास्तविक कारण शरीर की कोशिकाओं का बूढ़ा होना है। वैज्ञानिक इसे "सेनेसेंस" या बायोलॉजिकल एजिंग कहते हैं। इसका राज हमारे डीएनए में छिपा है। हमारे हर क्रोमोसोम के सिरे पर टेलोमियर नाम के छोटे-छोटे प्रोटेक्टिव कैप होते हैं। ये टेलोमियर हमारे जेनेटिक कोड को क्षति से बचाते हैं। हर बार जब कोई कोशिका विभाजित होती है तो टेलोमियर थोड़ा-थोड़ा छोटा होता जाता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, टेलोमियर छोटे होते जाते हैं। आखिरकार वे इतने छोटे हो जाते हैं कि कोशिका आगे विभाजित नहीं हो पाती। इसे हेफ्लिक लिमिट कहते हैं। 1961 में लियोनार्ड हेफ्लिक ने खोजा था कि सामान्य मानव कोशिकाएं लगभग 50 बार ही विभाजित हो सकती हैं। इसके बाद वे सेनेसेंट हो जाती हैं, यानी बूढ़ी और निष्क्रिय। ये निष्क्रिय कोशिकाएं शरीर में सूजन पैदा करती हैं, आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं, और अक्सिडेटिव अंगों का काम करना बंद कर देती हैं। इसी वजह से दिल, किडनी, लीवर, दिमाग - शरीर के सारे अंग धीरे-धीरे फेल होने लगते हैं। यही असली मौत है। टेलोमियर के छोटे होने की यह प्रक्रिया हर इंसान में चलती रहती है। बच्चे के जन्म के समय टेलोमियर लंबे होते हैं, और उम्र बढ़ने के साथ वे छोटे होते जाते हैं। धूम्रपान, अत्यधिक तनाव, प्रदूषण और गलत खान-पान जैसी बाहरी कारक इस प्रक्रिया को और तेज कर देते हैं। कुछ लोग जेनेटिक रूप से लंबे टेलोमियर के साथ पैदा होते हैं, यही कारण है कि वे ज्यादा लंबी उम्र पाते हैं। अब सवाल उठता है - क्या टेलोमियर को लंबा किया जा सकता है?

फोटो ऑफ द डे

सूडान में एक भीषण सड़क हादसे में बुरी तरफ से क्षतिग्रस्त नजर आ रही एक बस। इसमें करीब 14 लोगों की मौत हुई है। वहीं कई अन्य लोग घायल हुए हैं। -फोटो-ईएमएस।

चिंतन-मनन

आत्मबल के लिए

एक गरीब बुढ़िया थी। अपनी झोपड़ी में अकेली रहती थी। उसके पास एक गाय थी। बस उसी के सहारे वह अपना जीवन निर्वाह करती थी। पर्यूषण पर्व चल रहा था। वह अपनी झोपड़ी में बैठी-बैठी रोज देखती थी कि गांव के लोग बहुत ठाठ-बाट से पूजा की थाल और प्रसाद आदि लेकर लिए मंदिर जा रहे हैं। उन्हें देख कर बुढ़िया सोचती थी, मैं इतनी ठाट से पूजा नहीं कर सकती, मेरे पास पर्याप्त साधन नहीं है। पूजा की इच्छा दब जाती। एक दिन उसने सोचा, यदि पूजा नहीं कर सकती तो आरती तो कर सकती हूं। बस, यह सोच कर वह उठी, अपनी गाय के दूध से निकाला हुआ घी लिया। पड़ोसी के एक कपास के खेत में से थोड़ी-सी रुई ले आई। एक मिट्टी के दीपक में आरती संजोकर चल दी मंदिर की ओर। अत्यंत श्रद्धा भक्ति से उसने आरती की, जिसके परिणाम स्वरूप आगामी भव में उसे अत्यंत ज्ञानी मुनिराज की पर्याप्त प्राप्त हुई। न कोई उपवास, न कोई व्रत, केवल पवित्र भावना, श्रद्धा और भक्ति से उसे यह प्राप्त हुआ। किसी शक्तिहीन व्रती प्राणी का उपहास मत कीजिए। संभव है, उसमें शक्ति की अल्पता हो पर भक्ति की प्रबलता हो। कोई छोटा बच्चा पवित्र भावना लेकर व्रत करना चाहता है, तो उसे रोकिए मत, करने दीजिए। उसकी भावनाओं को खंडित मत कीजिए, ठेस मत पहुंचाइए। बल्कि उस व्रत के वास्तविक उद्देश्य को समझा कर उसके इरादे को और दृढ़ बनाइए। तप के मार्ग को सामान्य मत समझिए।

व्यंग

एक शर्त भी जीत न पाया

डॉ. हरि जोशी

मैं शर्त लगाने का पक्षधर कभी नहीं रहा अतः मैंने कभी शर्तें नहीं लगायीं किन्तु कुसमय मेरा परिचय एक बीमा एजेंट से हो गया। उसने मुझे अपनी शातिर बातों के जाल में ऐसा फँसाया कि मैं शर्तें लगाने पर मजबूर हो गया। अब मैं उसे प्रतिमाह कुछ राशि का चेक दे देता हूँ और वह उससे खुश होकर जुआ खेलता रहता है। मैं यही समझ नहीं पा रहा हूँ कि उसने मेरा बीमा किया या मुझे बीमार किया। पहले उसने मुझे डराया कि मेरे घर में चोरी हो सकती है। इसीलिए सारे सामान का बीमा कर लो। मैं उसी बात से आशंकित हो गया, संभव है रात के अँधेरे में किसी दिन सेंधमारी करने वह खुद आ धमके या किसी को भेज दे। एक दिन कहा मेरे घर में आग लग सकती है। घर सुरक्षित रहे इसके लिए बीमा करा लो। मुझे शंका हुई कि किसी दिन पेट्रोल में कपड़ा डुबाकर तीली सुलगाकर मेरे घर में स्वयं ही न फेंक दे।

मैं बहुत नियमित रहकर अपना जीवन जीता हूँ पर वह उस दिन कह रहा था - क्या पता आप कल बीमार पड़ जायें। - स्वास्थ्य का बीमा करा लो। इसीलिए कई दिन तक मैंने उसको चाय भी नहीं पी। चाय पिलाकर वह अपनी शंका को साकार कर सकता था। कह सकता था देखो आज ही बीमार हो गया। एक दिन कहने लगा मेरी कार का एक्सीडेंट हो सकता है। बीमा करा लो। मैंने पूछा - क्या बीमा कराने से एक्सीडेंट नहीं होगा। अगले दिन से मैं किसी और से बचता न बचता उससे बचने लगा। एक दिन उसने अपने अधीनस्थ को भेज दिया। अधीनस्थ तो यहाँ तक कहने लगा मेरी मौत हो सकती है। बीमा करा लेना ठीक रहेगा। याने मैं कई साल मासिक किस्त भरता रहूँ जिसका मज़ा एजेंट उठाता रहे। और मर जाऊँ तो वाद में मिली धनराशि का आनंद कोई और उठाये।

अब जब मैं सत्तर साल की उम्र तक सुरक्षित हूँ तो वही बीमा कंपनी का एजेंट मेरे बच्चों ही नहीं नाती पोतों के बारे में चिन्तित करने लगा। बच्चों के स्वास्थ्य से निश्चिन्त रहना हो तो मासिक किस्त भरते रहो। देश में रहकर इस तरह जुआ खेलते-खेलते प्रतिमाह अपनी जेब खाली करता रहता हूँ। जब कभी विदेश जाता हूँ तो वही प्राणी आशंका से ग्रस्त कर देता है कि मुझे बाहर कुछ भी कभी हो सकता है और इस तरह भयभीत कर वह एकमुश्त बड़ी राशि मुझसे ले लेता है। मैं हर बार पैसे लगाता हूँ और वही हर बार जीतता जाता है। लाखों रुपये फूँक चुका हूँ पर आज तक एक बार भी नहीं जीता। एजेंट्स का लक्ष्य एक ही होता है कि वह और उसकी कंपनी शर्तें जीतती रहे। सामने वाला किसी अनहोनी से डरकर खर्च पैसा देकर हारता रहे।

एक बार मुझे आभास होने लगा था कि अब मैं शर्त जीत सकता हूँ। हुआ यह कि एक वर्ष पूर्व श्रीमतीजी के स्वास्थ्य का बीमा कराया था। उनका आँखों में मोतियबिंद का ऑपरेशन कराना पड़ा। मैंने सोचा इस तक लाखों रुपये बीमा में दे चुका हूँ। यह खर्च तो मात्र कुछ हजार का है, शायद बीमा कंपनी दे देगी।

स्वास्थ्य

स्वाद और सेहत को बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है लस्सी

नई दिल्ली (ईएमएस)। गर्मियों के मौसम में पारंपरिक और पौष्टिक पेय लस्सी एक ऐसा विकल्प है जो न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होता है, बल्कि शरीर के तापमान को संतुलित रखने में भी अद्भुत रूप से मदद करता है। यह लोकप्रिय पेय भारत में सदियों से ग्रीष्मकाल का एक अभिन्न अंग रहा है। लस्सी एक ऐसा पेय है जो स्वाद और सेहत दोनों का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। अगर इसे सही समय पर और संतुलित मात्रा में पिया जाए, तो यह गर्मियों में शरीर को तुरंत ठंडक देने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। लस्सी को आमतौर पर दही को मथकर, उसमें चीनी, नमक, या अन्य स्वाद बढ़ाने वाली चीजें जैसे फल, मेवे या मसाले मिलाकर बनाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसके स्वाद और इसे बनाने के तरीके में विविधता देखने को मिलती है, लेकिन इसका मूल सार वही रहता है शरीर को शीतलता और पोषण देना। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, लस्सी एक प्राकृतिक कूलिंग एजेंट ड्रिंक है, जिसकी तासीर ठंडी होती है।

यही कारण है कि गर्मियों में इसका सेवन शरीर को तुरंत राहत देता है और बाहरी गर्मी के बावजूद आंतरिक तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति तरोताजा महसूस करता है। इसके अतिरिक्त, लस्सी पाचन तंत्र को मजबूत करती है क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं।

इंदौर का भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम

120 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम तेज

इंदौर।

शहर को स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में महापौर पुष्यमित्र भार्गवके निर्देशन मेंइंदौर नगर निगम एक और महत्वपूर्ण कदम तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कबीरखेड़ी स्थित निर्माणाधीन 120 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ जल कार्य एवं ड्रेनेज प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा, अपर आयुक्त आशीष पाठक सहित निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए एक समग्र दृष्टि पर काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जहां एक ओर नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहीं शहर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जुलूद में सोलर प्लांट भी शुरू किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं के साथ-साथ सीवरेज ट्रीटमेंट का कार्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बढ़ती जनसंख्या और शहरी विस्तार को देखते हुए सीवरेज प्रबंधन को सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया है।

इसी दृष्टि से कबीरखेड़ी में 120 एमएलडी क्षमता का यह प्लांट तेजी से तैयार किया जा रहा है। महापौर ने जानकारी दी कि यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के अनुसार मार्च 2027 तक पूर्ण कर ली जाएगी। साथ ही, शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता को और बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विज़न और संकल्प के साथ इस परियोजना की शुरुआत की गई थी।

वह अब धरातल पर तेजी से साकार हो रहा है।

शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर 25वां ध्वजारोहण महोत्सव कल से

इंदौर।

द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 25वां ध्वजारोहण महोत्सव प.पू. वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय म.सा., प.पू. पंयास प्रवर योगरुचि विजय म.सा. एवं नंदीरूचि विजय म.सा. आदिठाणा की पावन निश्रा में 3 मई से प्रारम्भ होगा।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी ने बताया कि छ: दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ रविवार, 3 मई को सुबह 7.30 बजे गुरुदेव के भव्य मंगल प्रवेश सामैया और मंदिर प्रवेश एवं धर्मसभा के साथ होगा। सांसद शंकर लालवानी सहित अनेक विशिष्टजन इस जुलूस में शामिल होंगे।

मंगल प्रवेश जुलूस सेठी गेट सुदामा नगर से प्रारम्भ होगा। मंदिर के ध्वजारोहण की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 8 मई तक विभिन्न कार्यक्रम एवं अनुष्ठान आयोजित होंगे। महोत्सव में वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव के लाभार्थी परिवारों के सदस्य भी भागीदार बनेंगे।

महोत्सव के कार्यक्रम – ट्रस्ट के अमृत मूणत, विनोद कोठारी एवं अजय लुणावत ने बताया कि 3 मई को मंगल प्रवेश जुलूस, 4 मई को सुबह गुरुदेव के सानिध्य में बड़ी स्नात्र महापूजा, महिला मंडल अध्यक्ष समता तरवेचा।

चन्दन जैन एवं सुनीता जैन के निर्देशन में दोपहर 2.30 बजे वीरस्त्व आराधना धाम पर महाचौबीसी, 5 मई को गुरुदेव द्वारा प्रात: 7.30 बजे नवकार महामंत्र के 68 अक्षरों पर 68 तीर्थों की भावयात्रा का एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन एवं 6 मई को सुबह पार्श्वनाथ भगवान के महापूजन तथा नवकारसी एवं रात्रि में प्रभुभक्ति, 7 मई को श्रीसिद्धाचल नवाण प्रभारी महापूजन की आराधना एवं रात्रि में प्रभु मणिभद्रवीर की संगीतमय महाआरती एवं भजन संध्या संगीतकार राज मोदी (उज्जैन) की प्रस्तुतियों के साथ होगी। महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 8 मई को गुरुदेव की पावन निश्रा में सुबह विधिकर्ता आशीष जैन (जावरा) के निर्देशन में स्नात्र पूजन के बाद ध्वजारोहण विधि प्रारंभ होगी। इस दौरान 70 वेदी पूजन ध्वजा वरघोडा और मंदिरजी के शिखर पर 25वां ध्वजारोहण होगा।

ये होंगे लाभार्थी परिवार - ट्रस्ट के रीतेश सेखावत, सतीश जैन एवं दिनेश धींग ने बताया कि ध्वजा स्थापना के पश्चात नार्मदीय ब्राह्मण धर्मशाला पर स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी होगा। 3 मई के कार्यक्रमों का लाभ प्रकाशचंद, आशीष कुमार, अयांश पारख लेंगे। 5 मई के कार्यक्रमों का लाभ लुणावत परिवार मातमोर वाले तथा कैलाश बेन, प्रदीप-मनीषा, संजय-मनीषा, अजय-बबीता आदि लेंगे। 6 मई के कार्यक्रमों का लाभ संजय मनोज इशु नाहर परिवार लेंगे। 7 मई के कार्यक्रम का लाभ महेंद्र पुलकित डांगी परिवार लेगा।

» न्यूज ब्रीफ

झिलमिल सितारों... से होगा से शुरू गीतों का हुआ कारवा

इंदौर। एक दिवदंती बन चुके मोहम्मद रफी साहब जिन्होंने, अपनी आवाज से इतने अंदाज दिए इस दुनिया को, उम्र, कम पड़ जाएगी। पर उनके जादुई करिश्मे कभी खत्म नहीं हो सकते,इंसानी जीवन के हर एहसास के साथ कुदरत के दिए हुये हर फिजा को अपनी आवाज में पीरो दिया, जो एक करिश्मा है इंसान अपने अपने तर्कों से बात करता है कोई भगवान की आवाज कहता है कोई खुदा की आवाज कहता है कोई गॉड की आवाज कहता है पर इंसानी तर्क कभी खत्म नही हो सकते एक ये दिवदंती है। अभिनव कला समाज में रफी साहब के कुछ अलग अलग, अंदाज को बहुत मेहनत लगन से सभी साथी कलाकारो ने उनके अलग अलग अंदाज को अपनी आवाज और अपने अंदाज से उन्हें प्रस्तुत किया। जगदीश जैसवाल ने बताया कि रफी साहब के सम्मान में किवंदती संगीत समूह द्वारा समाजसेवी दीपक जाजोदिया एवं गायिका सुश्री मधु ताई का शाल, से सम्मान किया गया।

उधारी मांगना युवक को भारी पड़ा

चार युवकों ने मिलकर जमकर की पिटाई

इंदौर।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के विशाल नगर इलाके में महज 5 किलो चने के पैसों को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झगड़े में बदल गया।

उधारी मांगना युवक को भारी पड़ गया और चार आरोपियों ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घायल युवक को हाथों में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी देवीदीन साहू (29) निवासी विशाल नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका परिचित रघुराज जायसवाल कुछ समय पहले उससे 5 किलो सिके चने लेकर गया था।

लंबे समय तक पैसे नहीं लौटाने पर जब देवीदीन ने उससे उधारी मांगी, तो बात बिगड़ गई। आरोप है कि रघुराज ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने थप्पड़ और लातों से मारपीट शुरू कर दी। इतने में रघुराज के साथी कुन्दन जायसवाल, कुलदीप जायसवाल और विपिन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी युवक को घेरकर पीटना शुरू कर दिया।

मारपीट के दौरान कुन्दन के हाथ में किसी नुकीली वस्तु होने की बात सामने आई है, जिससे उसने देवीदीन के दोनों हाथों पर कई वार किए। इससे युवक बुरी तरह घायल हो गया और काफी खून बहने लगा।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर युवक को बचाया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु शुरू हुई हेल्पलाइन

आगर मालवा। म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं मार्गदर्शन हेतु सीएम किसान हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। हेल्पलाइन नंबर 155253 पर जिले के किसान, कॉल कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा तथा कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विजय चौरसिया ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि खेती-बाड़ी, फसल, कृषि तकनीक, योजनाओं अथवा अन्य कृषि संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु किसान हेल्पलाइन का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से किसानों को केंद्र एवं राज्य शासन की कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी दे।

मेघ संस्कार वाटिका के द्वितीय सत्र का होगा शुभारंभ

मोटिवेशनल स्पीकर मनीष वघासिया बताएँगे परिवार में खुशहाली लाने के मंत्र

इंदौर। जैन समाज की अग्रणी एवं प्रतिष्ठित संस्था नवकार परिवार द्वारा संचालित मेघ संस्कार वाटिका द्वारा रविवार 3 मई को शाम 7.15 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर बाग पर स्ट्रींग फाउंडेशन-हैप्पी फैमिली थीम पर आधारित विशेष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें गुजरात के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर और हजारों परिवारों की पसंद बन चुके मनीष वघासिया मुख्य वक्ता के रूप में सरल शब्दों में बच्चों और पालकों को समझाएँगे कि परिवार में प्रेम, समझ और विश्वास को कैसे मजबूत बनाया जाए और युवाओं एवं माता-पिता के बीच किस तरह बेहतर तालमेल स्थापित किया जाए। यह अनूठा आयोजन प. पू. बंधु बेलडी आचार्य जिन-हेमचंद्र सागर सूरी म.सा. की प्रेरणा से हो रहा है।

संस्कार वाटिका के संरक्षक डॉ. प्रकाश बांगानी, मनोहरलाल जैन सेमलिया वाले, जयंत खाब्या, नवकार परिवार के महेन्द्र गुरूजी, प्रवीण गुरूजी एवं अभय गुरूजी ने बताया कि समाज के अनेक लाभार्थी परिवारों के सहयोग से हो रहे अपनी तरह के इस विशिष्ट सेमिनार में शामिल होने के लिए 500 से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन करा लिया है जो अपने माता-पिता के साथ शामिल होंगे।

नवकार परिवार की मेजबानी में मेघ संस्कार वाटिका द्वारा पिछले वर्ष भी बच्चों के लिए इस तरह के 6 रविवारीय सेमिनार एवं 6 ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें विजेता रहे 125 बच्चों को 5 हजार एवं 3 हजार की राशि से सम्मानित किया गया था। समाज के विनीत मेहता, शुभम पटवा, प्रनेह चौरड़िया, शरद शाह, संयम जैन एवं अंश पारीख जैसे समर्पित युवा इस सेमिनार से अधिक से अधिक बच्चों और पालकों को जोड़ने की दिशा में प्रयासशील हैं।

परिवार के संस्कारों पर इस विशेष आयोजन को संडे स्टूडेंट सेमिनार 2.0 नाम दिया गया है। बच्चों, युवाओं और पालकों को एक साथ जोड़कर एक मजबूत और खुशहाल परिवार की नींव रखना ही इस विशेष सेमिनार का उद्देश्य है।

बेटे ने मां के घर का ताला तोड़कर जेवर व नकदी पर किया हाथ साफ

विजय नगर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, केस दर्ज

इंदौर।

चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहीं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन घटनाओं ने पुलिस की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे चौंकाने वाला मामला विजय नगर क्षेत्र से सामने आया, जहां बेटे ने ही अपनी मां के घर का ताला तोड़कर जेवर और नकदी पार कर दी।

मां के घर में बेटे ने की चोरी

न्यू शीतल नगर निवासी लक्ष्मीबाई खोजे ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बेटे जितेंद्र खोजे ने घर में ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया। महिला के अनुसार, वह शादी समारोह से लौटकर घर पहुंचीं तो गेट का लॉक खुला मिला। कमरे में जाने पर अलमारी की चाबी बाहर लटकी थी। अलमारी खोलने पर दराज से करीब 65 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के आभूषण और बेटी रेनुका के जरूरी दस्तावेज गायब थे। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर में लैपटॉप चोरी

वहीं, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदात सामने आई। स्कीम-103 निवासी उज्जवल सरैया ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त कुनाल नेगी के साथ देर रात तक पढ़ाई कर रहे थे। दोनों ने रात करीब 3 बजे लैपटॉप हॉल में रखकर सो गए। सुबह कुनाल फेश होने के लिए उठा और गेट खुला छोड़ दिया। लौटने पर दोनों के लैपटॉप गायब मिले। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

रिटायर्ड कर्नल के घर भी चोरी

बड़गोंदा थाना क्षेत्र में रिटायर्ड सैन्य अधिकारी के घर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। रिटायर्ड कर्नल संजय बावा ने शिकायत में बताया कि उनके घर से हीरे जड़ा सोने का कंगन, दो अंगूठियां, टॉप्स, सोने की चेन और रूबी की माला चोरी हो गई। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

पुलिस कर रही जांच

पुलिस का कहना है कि सभी मामलों में जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। वहीं, नागरिकों को भी सतर्क रहने और घर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की सलाह दी गई है।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

क्रेटा कार में ले जाई जा रही 5 लाख की अवैध शराब जब्त, आरोपी फरार

इंदौर।

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजेंद्र नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक क्रेटा कार से करीब 5 लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब बरामद की है। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

बीती रात राजेंद्र नगर पुलिस केट चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार नम्बर एमपी 09 डब्ल्यूए 6003 आती दिखाई दी. पुलिस वाहन चालक से कुछ पूछताछ करती इससे पहले ही वह पुलिस को देख गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। टीम ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें 43 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिली। बरामद शराब की कीमत करीब 4 लाख 95 हजार 744 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर लिया है। फरार आरोपी और शराब के स्रोत की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर की गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह, अतिरिक्त डीसीपी सुमित केरकेट्टा और एसीपी निधि सक्सेना मौके पर उपस्थित थी।

मामले में डीसीपी जोन 1 कृष्णलाल चंदानी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। चेकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई है। आरोपी की तलाश की जा रही है और मामले में आगे जांच जारी है।

स्वरांजलि द्वारा कालजयी गीतों की प्रस्तुति

उज्जैन। लेकर हम दिवाना दिल, ओ हसीना जुल्फों वाली, इतना तो याद, आसमां के नीचे, अरे यार मेरी तुम भी जैसे हिंदी फिल्मों के कालजयी गीत अभिरंग नाट्य गृह में प्रस्तुत किये गये। अवसर था, स्वरांजलि द्वारा मजरूह सुल्तानपुरी और आनंद बक्षी के अमर गीतों से सजी शाम का। संस्था अध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राकेश दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। ममता शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की परिकल्पना नितिन पोल की थी। कार्यक्रम में राजेश जोशी, राजेश सोहनी, लखन जागीरदार, मंगेश जोशी, संजय गंधे, अक्षय माहेश्वरी, पी. मधु, दिलीप नामदेव, रवि शर्मा, अनिता जोशी, प्रियंका पांडे, राधा मेहता, रीमा मधु, मोहिनी नामदेव ने सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को प्रभावित किया।

शुकदेवदास के सानिध्य में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

विशाल कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ 11 लाख मन्त्रों से देंगे आहुतियाँ

इंदौर।

हवा बंगला कैट रोड स्थित हरिधाम पर आश्रम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्यामदास महाराज की प्रेरणा से महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्रीराम कथा, 51 वैदिक विद्वानों द्वारा पंचकुण्डीय श्रीहनुमत महायज्ञ एवं विशाल भंडारे के अनुष्ठान 22 मई से प्रारम्भ होंगे। राष्ट्र उत्थान, जन कल्याण एवं भक्तों की कार्यसिद्धि के लिए हो रहे इन कार्यक्रमों में शहरी क्षेत्र सहित आसपास के 25 गांवों के श्रद्धालु भागीदार बनेंगे। अनुष्ठान के लिए भूमि पूजन रविवार 3 मई को सुबह 9.30 बजे हरिधाम पर होगा।

हरिधाम लोक मंगल न्यास की बैठक गुरुवार को हरिधाम पर महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख ट्रस्टी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं दिनेश मित्तल ने इस अनुष्ठान के लिए आयोजन समिति की घोषणा करते हुए डॉ. सुरेश चोपड़ा को अध्यक्ष, संजय अग्रवाल एवं गोपाल गोयल को संयोजक, सुधीर अग्रवाल को महामंत्री नियुक्त करने की घोषणा की।



श्री सालासर बालाजी का हुआ नगर आगमन

महायज्ञ के दौरान 100 करोड़ सामूहिक राम नाम लेखन

इंदौर।

100 करोड़ सामूहिक राम नाम लेखन महायज्ञ के दौरान लिखे गए राम नाम पत्रक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कनाडिया रोड़ पर नवीन सालासर मंदिर में मूर्तियों के सिंहासन में प्रतिष्ठित किया गया। संस्था पुरुषार्थ के अध्यक्ष नानुराम कुमावत ने बताया कि विगत 31 जुलाई 2017 को 100 करोड़ राम नाम लेखन महायज्ञ कि शुरुआत संस्था द्वारा कि गई थी।

संस्था पुरुषार्थ द्वारा सामाजिक समरसता के साथ राष्ट्र सम्रद्धि एवं अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के संकल्प को लेकर 100 करोड़ सामूहिक राम नाम लेखन महायज्ञ प्रारंभ किया गया था जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों के धर्म प्रेमी महानुभाव ने बड़े उत्साह से भाग लिया था। इसी के अंतर्गत नगर में सैकड़ो राम नाम लेखन केंद्र स्थापित किये गए, जहाँ पर आम समाज जन के लिए लेखन सामग्री उपलब्ध करवाई गई।



विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा राम शिला का पूजन करके राम नाम लेखन सामग्री वितरित करके राम नाम लेखन महायज्ञ का शुभारम्भ किया गया था नगर के कई मंदिरों को भी इस अभियान में शामिल किया गया था जहाँ पर लेखन कार्य किया गया था। नगर वासियों द्वारा मिलने वाले सकारात्मक उत्साह को देखते हुए इस कार्य को नया आयाम दिया गया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूर्ण होने के बाद कनाडिया रोड़ शिव शक्ति नगर पर बन रहे नए सालासर बालाजी मंदिर की मूर्तियों की वेदी की नींव में ये सभी पत्रक रखे गए।



इस अवसर पर विधायक महेंद्र हडिया पार्षद प्रणव मंडल एवं राजीव जैन राधेश्याम शर्मा गुरुजी सुभाष गोयल स्वामी दास कुमावत पन्नालाल कुमावत हीरालाल कुमावत भंवरलाल कुमावत पुरुषोत्तम स्वामी है उपस्थित रहे।

रजिस्टर में सुसाइड नोट लिखने के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने लगाई फांसी

छह साल पहले पति ने छोड़ा, बार-बार आकर पैसे लेकर चला जाता था पति



भोपाल। कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित थुंआखेड़ा आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता ने फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले उसने आंगनवाड़ी की कर्मचारी को कहा था कि गांव से बच्चों को ले आओ उनका समग्र आइडी का काम कर लेते हैं। करीब तीस मिनट बाद कर्मचारी बच्चों को लेकर आंगनवाड़ी पहुंची तो कार्यकर्ता का शव फांसी के फंदे पर लटके मिला। आंगनवाड़ी के रजिस्टर में पन्ने पर कार्यकर्ता ने सुसाइड नोट भी लिखा है। जिसमें उसने अपने पति पर आरोप लगाए है। पुलिस के अनुसार ओमवती मीणा पिता राजेश मीणा (45) ललिता नगर, राजहर्ष कॉलोनी कोलार में रहती थी। वह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता थी और उनकी ड्यूटी थुंआखेड़ा आंगनवाड़ी में थी। शुक्रवार सुबह वह आंगनवाड़ी पहुंची। दोपहर करीब दो बजे उन्होंने आंगनवाड़ी की कर्मचारी से कहा कि गांव से बच्चों को ले आओ उनका समग्र आइडी बनाना है। कर्मचारी गांव में बच्चों को लेने पहुंची और करीब तीस मिनट बाद बच्चों को लेकर आई। इस दौरान देखा ओमवती ने आंगनवाड़ी में फांसी लगा ली है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया। पति पर लगाए आरोप पुलिस ने एफएसएल की पार्टी को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। निरीक्षण करने पर आंगनवाड़ी के रजिस्टर के पन्ने पर सुसाइड नोट मिला। ओमवती ने लिखा कि मैं पति से परेशान हूं। वह मुझे छह साल पहले छोड़ चुका है, लेकिन जब भी पैसों की जरूरत होती है वह आ जाता है। पैसे लेने के बाद फिर चला जाता है। उन्होंने यह भी लिखा कि मेरा हिस्सा मेरे बेटे बहू को दिया जाए।

महिला ने जहर खाकर दी जान

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल धाम में महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह पति को शादी में चलने की जिद कर रही थी। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पति ने शादी में चलने से इंकार कर दिया। इसी बात से दुखी होकर उसने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। पति उसे एम्स लेकर पहुंचा, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार सोना बाई पति कैलाश (28) मूलतः नर्मदापुरम की थी। उसका पति कैलाश प्राइवेट गाड़ी चलाता है। सोना बाई और कैलाश शीतल धाम मिसरोद में जी फाइव, ईडब्ल्यूएस में किराए से रहती थी। सोनाबाई और कैलाश के दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा आठ साल का है, जबकि छोटी बेटी डेढ़ साल की है। शुक्रवार सुबह कैलाश बाथरूम में था। इसी बीच सोनाबाई ने गेहूं में रखने वाली डेढ़ गोली खाली। कैलाश बाथरूम से बाहर आया तो सोनाबाई गोली खाने के बाद भी खाना बना रही थी। कुछ ही देर बाद गोली का असर हुआ और सोनाबाई बाथरूम में जाकर उल्टी करने लगी। उल्टी करने के बाद उसने मुंह धोया और किचन पहुंचकर फिर खाना बनाने लगी। उसे दूसरी बार उल्टी आई और वह बाथरूम में पहुंची। कैलाश को संदेह हुआ वह भी उसके पीछे पहुंचा। इस दौरान उसे बाथरूम से जहर की बदबू आई। उसने सोना बाई से पूछा। इस पर सोनाबाई ने बताया कि जहर खा लिया है। कैलाश उसे तत्काल एम्स लेकर पहुंचा, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने सोनाबाई को मृत घोषित कर दिया। 25 अप्रैल को भी शादी में चलने की थी जिद कैलाश ने पुलिस को बताया कि गत 25 अप्रैल को सोना ने कहा था कि भाई के रिश्तेदारी में शादी में चलना है।

एक्टिवा सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम सड़क पर शनि मंदिर के पास बुधवार तड़के अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। उसे सड़क पर घायल अवस्था में देखकर अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उसकी एक्टिवा को किसी वाहन ने टक्कर मारी या फिर वह खुद ही गिरा पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सौरभ विश्वकर्मा (27) बरखेड़ा पठानी गोविंदपुरा में रहता था और बेस्ट प्राइज, (फिलफार्ट) में काम करता था। बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन से चार बजे के आसपास उसे शनि मंदिर के पास घायल अवस्था में देखा गया।

भोपाल। श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन के पीछे बनी झुग्गियों को जिला प्रशासन एवं पुलिस बल जब यह बताने पहुंचे कि आप विस्थापन कर लीजिए, इस पर झुग्गिया वाले अपना विरोध प्रकट करने लगे और नगरनिगम ने नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता जकी के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी के समक्ष विरोध प्रकट किया। (फोटो निर्मल व्यास)

17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलरिया नरेंद्र में 17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि घरेलू कामकाज में हाथ नहीं बंटाने के कारण मां ने उसे फटकार लगाई थी। अनुमान है कि मां की फटकार से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार आकाश दांगी पिता मोहन सिंह दांगी इमलिया नरेंद्र गांव में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता खेती किसानी करते है। परिवार में माता पिता के अलावा 17 साल की बहन पायल दांगी थी। गांव के स्कूल में पांचवी कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद पायल ने पढ़ाई छोड़ दी। पायल मां के साथ घर के कामकाज संभालती थी। गुरुवार रात मां पिता कमरे में टीवी देख रहे थे। आकाश बाहर घूम रहा था। इसी बीच पायल ने अंदर कमरे में फांसी लगा ली। नजर पढ़ते ही उसे फंदे से उतारा गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। आकाश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि घर के कामकाज नही करने पर मां ने उसे फटकार लगाई थी।

स्वर सुधा करा ओके क्लब ने

सुमधुर गीतों की महफिल सजाई

इन्दौर। स्वर सुधा कराओके क्लब ने प्रीतमलाल दुआ हॉल में सदाबहार नगमें शीर्षक से सुमधुर गीतों की एक सुरीली महफिल सजाई। इस कार्यक्रम में मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार और हेमंत दा के चुनिंदा 33 गीत स्थानीय गायक गायिकाओं ने पेश किए।

अशोक पांचाल ने तुम बिन जाऊं कहां गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुभाष पालीवाल और जिग्मी पचोली ने कब के बिछड़े गाकर माहौल को रोमांटिक बना दिया। सुधीर वर्मा ने तड़प तड़प के, यू ए मंडोल ने राह बनी खुद मंजिल, महेश पलोड ने यारी है ईमान मेरा और महेंद्र मिस्टी की जोड़ी ने जोड़ी हमारी जमेगा कैसे जानी गाकर श्रोताओं को भी झूमने गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए दीवान बलवानी ने थोड़ा प्यार चाहिए, वीरेंद्र अछाना ने हुस्न से चांद भी शरमाया है और मदन मोहन गुप्ता ने एक था गुल और एक थी बुलबुल

अपनी विशिष्ट शैली में पेश कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सुधीर वर्मा और शुभी चौहान का तुमसे ओ हसीना और दीवान बलवानी और शुभी चौहान का हवा के साथ-साथ घटा के संग संग गीत को श्रोताओं ने खूब सराहा। श्री और श्रीमती संजय चौहानिया ने जिंदगी हर कदम इक नई जंग है बड़ी शिद्दत से पेश किया। राजेंद्र ओचानी के गीत है अपना दिल तो आवारा पर कुछ श्रोता खड़े होकर झूमने नाचने लगे।

मेरी भीगी भीगी सी, चांदनी रात में, ये वक्त ना खो जाए, इक मंजिल राही दो, खिज़ा के फूल पे,तुम मुझे यूं भुला न पाओगे, देखा है तेरी आंखों में प्यार ही प्यार, तुमसे ओ हसीना कभी मोहब्बत न मैंने करनी थी, मेरा प्यार भी तू है, ऐसी दीवानगी देखी नहीं कभी, ओ दूर के मुसाफिर, नीली नीली आंखों के दिल पे तीर चल गए, और रुक जा ओ जाने वाली जैसे सुकून दायक गीतों ने श्रोताओं को खूब आनंदित किया और गर्मी के मौसम में ठंडक का अहसास भी कराया।

सदाबहार फिल्मी गीतों का यह कारवां देर रात तक चलता रहा। हर गीत पर खूब तालियां बजती और वंस मोर की आवाजें आती रही। श्रोता आनंदित होते रहे। अंत में आयोजक राजेंद्र ओचानी ने सभी का आभार व्यक्त किया और शीघ्र ही एक और कार्यक्रम लाने का वादा सुधी श्रोताओं से किया।

150 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

इंदौर संभागीय कलारीपयट्टू स्पर्धा धूमधाम से संपन्न

इंदौर। श्री बाल विनय मंदिर, छत्रीबाग में एक दिवसीय संभाग स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में इंदौर संभाग सहित विभिन्न जिलों से आए 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया और विभिन्न वर्गों में पदक अर्जित किए।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पारंपरिक भारतीय युद्धकला कलारीपयट्टू की तकनीकों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में इस प्राचीन मार्शल आर्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा।

विशिष्ट अतिथियों की रही उपस्थिति- समापन समारोह में पुलिस विभाग से राजेंद्र सिंह चौहान, क्राइम ब्रांच से धर्मेंद्र जी, युवा पत्रकार सनी जाधव एवं भरत बाथम विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही संभागीय सचिव आयुषी बंसल एवं प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर सहित अन्य पदाधिकारीगण ने कार्यक्रम में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

निर्णायकों ने निभाई अहम भूमिका- प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गौरव दांगी, हर्षिता शुक्ला, चिराग सिंघारे, सुहानी ग्वाल, अभय बड़ोदिया, हिमांशु ठाकुर, पायल पाटीदार एवं संत शरण वर्मा ने निष्पक्ष निर्णय देकर प्रतियोगिता को सफल बनाया।

राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए रास्ता साफ- मालवा कलारीपयट्टू संघ, मध्यप्रदेश के महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ये खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अपनी जगह बनाने का प्रयास करेंगे।

अमय खुरासिया की पुस्तक पर टॉक शो

इन्दौर। आईडीसीए के सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए में शनिवार शाम 6 से 8 बजे के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं वर्तमान में देश के शीर्ष क्रिकेट कोचेस में से एक अमय खुरासिया की पुस्तक आफ्टर 74 इयर्स पर एक टॉक शो आयोजित किया जा रहा है। निलोसे ने बताया कि अमय खुरासिया की पुस्तक आफ्टर 74 इयर्स की चर्चा पुरे देश भर में है। यह पुस्तक केरवल की क्रिकेट टीम को उन्होंने मुख्य काच रहते कैसे रणनीतियां बनाकर 74 साल बाद रणजी ट्राफी के फायनल तक पहुचाया उसका जीता-जागता दस्तावेज है पुस्तक चुंकि खिलाडियों को क्रिकेट कोचेस के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए टॉक शो में आयडीसीए की सभी टीमें, उनके कोचेस और मैनेजर्स को बुलाया गया है और वे सभी इसमें उपस्थित रहेंगे। टॉक शो का संचालन वरिष्ठ खेल समीक्षक व क्रिकेट कामेंटेटर सुशील पगारे करेंगे। कार्यक्रम में आयडीसीए के अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयरमैन संजय लुणावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सचिव देवाशीष निलोसे व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

मध्य प्रदेश के अमय खुरासिया बने टीम के नए हेड कोच

»अपराध संक्षेप

कांस्टेबल की पत्नी को घर में घुसकर एसआई ने छेड़ा

भोपाल। कमला नगर स्थित पुलिस लाइन में कांस्टेबल की पत्नी ने घर में घुसकर एएसआईएम ने छेड़छाड़ कर दी। एएसआईएम घर में फर्नीचर देखने के बहाने गया था। इसी दौरान अंदर कमरे तक पहुंच गया और बुरी नियत से कांस्टेबल की पत्नी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी घर से भाग निकला। पति को महिला ने जानकारी दी। इसके बाद शाम को दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर एएसआईएम के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 35 साल की महिला पुलिस लाइन में रहती है। लाइन में दिलीप शर्मा नामक एसआई रहता है। एएसआईएम पीएचक्यू में पदस्थ है। महिला का आरोप है कि शुक्रवार सुबह वह घर में अकेली थी। पति ड्यूटी गया हुआ था। सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास एएसआईएम दिलीप शर्मा उसके घर पहुंचा। उसने दरवाजा खटखटाया। महिला ने दरवाजा खोला तो दिलीप शर्मा कहने लगा कि मुझे आपके के घर का फर्नीचर देखना है। परिचय होने के कारण महिला ने उसे फर्नीचर दिखाया। फर्नीचर देखते हुए वह अंदर के कमरे तक पहुंच गया। वह कहने लगा कि तुम तो बहुत खूबसूरत लग रही हो। महिला ने उसे घर से जाने का कहा। इस पर एएसआईएम ने बुरी नियत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी घर से भाग निकला। महिला ने घटना की जानकारी पति को दी। शाम को पति घर लौटा और शिकायत दर्ज कराई।

कुत्ते के पिल्ले ने काटा, रेबीज से पीड़ित मरीज एम्स में फर्स्ट फ्लोर से कूदा, मौत

भोपाल। एम्स अस्पताल में गुरुवार रात एक मरीज ने फर्स्ट फ्लोर से छलांग लगा दी। उसने आत्महत्या नहीं की है। उसे दो महीने पहले कुत्ते के पिल्ले ने काट लिया था। कुत्ते के पिल्ले के काटने के कारण उसे रेबीज हो गया। रेबीज के कारण वह अजीब हरकतें करने लगा। कुत्ते की तरह भौंकने लगा और लार गिराने लगा। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार रात उसने फर्स्ट फ्लोर से नीचे छलांग लगा दी। परिजन गार्ड की मदद से उसे उठाकर लाए और डॉक्टर ने इलाज किया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। वागसेवनिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कमल सिंह पिता बलराम सिंह (24) गांव इकोदिया, थाना नटेरन, जिला विदिशा में रहता था। करीब दो महीने पहले होली के समय घर में पले कुत्ते के पिल्ले ने उसे काट लिया। छोटा पिल्ला होने के कारण उसने एंटी रेबीज का इंजेक्शन नहीं लगाया। इंजेक्शन नहीं लगाने के कारण संक्रमण फैल गया। उसे रेबीज हो गया। रेबीज होने के कारण वह अजीब हरकतें करने लगा। परिजन ने बताया कि वह कुत्ते की तरफ भौंक रहा था और लार गिरा रहा था। हांप रहा था। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे। एम्स में उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार रात अचानक ही उसने फर्स्ट फ्लोर से नीचे छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई।

रवीन्द्र भवन में सुलेखा भट की मनमोहक प्रस्तुति, श्रोता मंत्रमुग्ध

भोपाल। प्रख्यात शास्त्रीय गायिका सुलेखा भट ने रवींद्र भवन में आयोजित संगीत संध्या में अपनी सुरमयी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राग वाचस्पति में बंदिश 'संवारिया मन भाया' प्रस्तुत कर कार्यक्रम का प्रभावशाली आगाज किया। इसके पश्चात सुलेखा भट ने अमीर खुसरो का लोकप्रिय सूफी गीत 'नैना अपने पिया से लगा आई रे' सुनाकर वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में तबले पर अशेष उपाध्याय, हारमोनियम पर मुनि मालवीय ने प्रभावी संगत दी। वहीं तानपुरे पर उनकी शिष्या अनुषा शर्मा और ऋतु पटेल ने सहयोग प्रदान किया। कलाकारों के उत्कृष्ट सामंजस्य ने प्रस्तुति को और अधिक यादगार बना दिया।

ब्रह्माकुमारीज में नारी शक्ति का शत प्रतिशत आरक्षण : कौशल

भोपाल/माउंट आबू। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञान सरोवर, माउंट आबू में मीडिया प्रभाग द्वारा आयोजित महासम्मेलन में शुक्रवार को मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था 140 देशों में आत्मा की शुद्धि का रहस्य समझा रही है। जिसने इसे समझा वो तर गया। मनुष्य की असली ताकत का अहसास करवाती है, वह ताकत शरीर नहीं आत्मा है। यो आत्मा जो अजर है अमर है, जिसके बारे में गीता में भी कहा गया है। उस आत्मा से परिचित करवाना और परमात्मा से कैसे आत्मसात हो, यह समझाने का कार्य भी ब्रह्माकुमारीज कर रही है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए मीडिया की जिम्मेदारी बड़ी हो जाती है। आप केवल खबर नहीं देते, बल्कि दृष्टि भी देते हैं। आज दुनिया में कोई भौगोलिक विस्तार में लगा है, कोई आर्थिक साम्राज्यवाद में लगा हुआ है। विश्व में युद्ध का वातावरण है। भारत को भी सामरिक दृष्टि से घेरने का भी षड्यंत्र चल रहा है। एक खबर उम्मीद भी जगा सकती है, एक खबर डरा भी सकती है। मीडिया चाहे तो देश की दशा बदल सकती है। भारत वर्ष दुनिया को बदलने की ताकत रखता है। माउंट आबू से शांति का, सत्य का संदेश मिलता है और मीडिया इसे घर-घर में पहुंचा सकती है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. मानसिंह परमार ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में परमाणु बम की होड़ लगी हुई है। मानवता का पक्ष रखने वाला कोई नहीं है। आज समाचार पत्रों में प्रथम पृष्ठ की हेडलाइंस केवल हिंसा और युद्ध की होती है। परमात्मा शिव ब्रह्मा मुख से ज्ञान का संचार कर रहे हैं। बाबा ने मुरली के माध्यम से जो संवाद, सम्प्रेषण किया, वह लोगों में दिव्य गुण भर रहे हैं। यदि आज हमारे पत्रकार दिव्य गुण अपना लें तो आदर्श आचार संहिता की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। शुभ भावना में सारी नैतिकता, सारे ज्ञान का सार समाया हुआ है। ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासिका बीके मोहिनी दीदी ने कहा कि हमारा सोचने का और हमारा बोलने का, दोनों का वातावरण में प्रभाव होता है। मीडिया का बहुत बड़ा रोल है। जिसके पास कलम है, वाणी में बल है, उन्हें वर्तमान समय शांति का संदेश देना बहुत जरूरी है। सभी यह लक्ष्य रखें कि हम सबमें शांति की भावना हो, शान्ति का संदेश हो। मीडिया प्रभाग की उपाध्यक्ष बीके सरला दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था आपको यही सिखाती है कि दूसरों के प्रति शुभ भावना और शुभकामनाओं का भाव हो। हम भी डिटैच होकर अपने कार्य को करें। एजुकेशन विंग की उपाध्यक्ष बीके शीलू दीदी ने कहा शांति की अनुभूति का आधार मेडिटेशन है।

आईपीएस के फर्जी हस्ताक्षर कर सिक्योरिटी एजेंसी का ठेका लेने वाला एडवोकेट गिरफ्तार

भोपाल। हबीबगंज पुलिस ने आईपीएस के फर्जी हस्ताक्षर कर संस्कृति संचालनालय में फर्जी बिल लगाकर करोड़ों का गबन करने वाले एडवोकेट राजकुमार पांडे को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। वहां से तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्राथमिक पूछताछ में एक संस्कृति संचालनालय की एक महिलाकर्मी की भूमिका सदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस रिमांड के दौरान महिला की संलिप्तता के बारे में पूछताछ करेगी। साथ ही परिवार के अकाउंट नंबर में ट्रांसफर हुए पैसों के बारे में भी पुलिस पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार राजकुमार पांडे का संस्कृति विभाग में सिक्योरिटी का ठेका था। ठेका लेने के बाद उसने सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराए थे। बाद में लायसेंस की समय-सीमा समाप्त हो गई। उसे लायसेंस रिन्यूव करवाना था, लेकिन उसने लायसेंस रिन्यू करवाने की जगह तत्काल आईपीएस अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर लायसेंस लगा दिया और जालसाजीपूर्वक फिर ठेका ले लिया। ठेका लेने के बाद संस्कृति संचालनालय में बिल लगाकर मिलने वाला भुगतान वह अपने रिश्तेदारों के खातों में ले रहा था।

» न्यूज ब्रीफ

संबल 2.0 योजना में श्रमिक परिवारों को सहायता राशी दी

मंदसौर। श्रम अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अंतर्गत 27 हजार 167 श्रमिक परिवारों को राशि 600 करोड़ रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया है। मंदसौर जिले के कुल 564 श्रमिक परिवारों को राशि 12 करोड़ 38 लाख रूपये का वितरण किया गया है। जिला स्तर पर कार्यक्रम एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी/ कर्मचारी एवं सम्बल योजना के हितग्राहीयों ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन सुना और देखा।

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय जावरा का निरीक्षण किया

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह ने आज 30 अप्रैल को तहसील कार्यालय जावरा का निरीक्षण किया। तहसील न्यायालय के निरीक्षण के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों, नामांकन, बंटवारा,सीमांकन के प्रकरण देखे एवं समय सीमा में प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रचना शर्मा,नायब तहसीलदार वैभव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जावरा के नगर परिषद हाल का निरीक्षण कर वहाँ लाइब्रेरी खोलने के लिए फर्नीचर, किताबें,विद्युत इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए ।

मजदूर दिवस पर गूंजा इंकलाब का स्वर, श्रमिकों ने अधिकारों के लिए बुलंद किया संघर्ष का संकल्प

देवास

को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों ने जोरदार एकता और संघर्ष का प्रदर्शन किया। मजदूर चौराहा, मोती बंगला मेन रोड पर बड़ी संख्या में एकत्रित मजदूर साथियों ने केंद्र एवं राज्य सरकारों की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते हुए उन्हें सत्ता से हटाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल नारों से गूंज उठा लाल लाल लहराएगा, इंकलाब आएगा, इंकलाब जिंदाबाद, मजदूर एकता जिंदाबाद, लड़ेंगे जीतेंगे, हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, जिससे मजदूरों का जोश और एकजुटता साफ दिखाई दी। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, देवास एवं एटक देवास के कॉमरेड कैलाश सिंह राजपूत, कॉमरेड बाबूलाल वागड़े, कॉमरेड प्रतिभा कुमार, कॉमरेड मलिक अंसारी, कॉमरेड मेहरबान सिंह, कॉमरेड सत्यवान पाटिल एवं कॉमरेड रामसेवक जरहा सहित सभी मजदूर साथियों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को एक स्वर में उठाया। इनमें महिला एवं पुरुष मजदूरों के लिए प्रतिदिन 1000 रूपए मजदूरी सुनिश्चित करने, प्रसूति के दौरान वेतन, दुर्घटना बीमा, मजदूर पंजीयन, भविष्य निधि में मजदूर एवं सरकार की समान भागीदारी, तथा संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए न्यूनतम 44,000 रूपए मासिक वेतन लागू करने की प्रमुख मांग शामिल रही। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के कल-कारखानों, रेल, टेलीफोन, बैंक एवं बीमा क्षेत्रों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

आईएसओ सर्टिफाइड वैकल्पिक चिकित्सक संघ सदस्यता अभियान शुरू

देवास। मध्यप्रदेश में लगभग 35 वर्षों से निरंतर वैकल्पिक चिकित्सकों के लिए 24/7 दिन अपनी बेहतरीन सेवा एवं कानूनी सलाह के साथ साथ चिकित्सकों के लिए बेहतर ज्ञानवर्धक स्पीच देने वाली संस्था मध्यप्रदेश वैकल्पिक चिकित्सक संघ की देवास जिले में वैकल्पिक चिकित्सक सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष डॉ मुकेश पांचाल के नेतृत्व में 2 मई से शुरू होने जा रही है साथ ही जून में एक दिवसीय चिकित्सक प्रशिक्षण के साथ साथ सभी चिकित्सक साथियों का सम्मान भी किया जाएगा।

जनगणना 2027 का पहला कदम

प्रगणकों ने एचएलओ एप से शुरू किया मकान सूचीकरण

नीमच

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत शुक्रवार, 1 मई 2026 से जिले में मकान सूचीकरण का कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रमुख हिमांशु चंद्रा के निर्देशों के परिपालन में जिले के सभी प्रगणकों ने एचएलओ (होउस लिस्टिंग ऑपरेशन) एप डाउनलोड कर मकानों की एंट्री का कार्य शुरू कर दिया है।

घर-घर पहुंचकर डिजिटल रूप से हो रहा मकानों का पंजीकरण,कलेक्टर ने दिए समयबद्ध लक्ष्य

क्षेत्र में दिखी सक्रियता-

प्रगणक घर-घर पहुंचकर मकानों का विवरण डिजिटल रूप से दर्ज कर रहे हैं। प्रगणक जनगणना पहचान पत्र एवं बैग के साथ घर की बाहरी दीवार पर मकान नंबर अंकित करते हुए देखे गए हैं। मकानों की दीवारों पर चूने से कोड भी अंकित कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रगणकों को समयबद्ध लक्ष्य दिए गए हैं। 5 मई तक 10 प्रतिशत एवं 10 मई तक 40 प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। सभी पर्यवेक्षकों को 5 मई तक डाटा सिंक का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नागरिकों से अपील- कलेक्टर चंद्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग करें। जनगणना का यह कार्य शासन की भावी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एमपीटॉस पोर्टल शुरू

शाजापुर। संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहायक अर्जुन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. शासन पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल द्वारा सत्र 2025-26 के नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति आवेदनों के लिए एमपी टॉस पोर्टल 31 मई 2026 तक खोला गया है। छात्रवृत्ति से वंचित पिछड़ा वर्ग के छात्र निर्धारित समय-सीमा में छात्रवृत्ति का आवेदन कर छात्रवृत्ति का लाभ ले सकते हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर आर्या शुक्ला ने जीता प्रथम स्थान

देवास। मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित प्रतिष्ठित रेवा महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में जिला अभिभाषक संघ के पुस्तकालय सचिव श्वेताकराज शुक्ला की बेटी आर्या शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 11 से 15 वर्ष तक की कत्थक केटेगरी में आर्या ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। उनकी भाव-भंगिमा, लय और तकनीकी दक्षता ने निर्णायकों को प्रभावित करते हुए उन्हें प्रथम स्थान दिलाया। इस उपलब्धि से देवास शहर में खुशी का माहौल है। परिजनों, गुरुओं और शहरवासियों ने आर्या को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता ने देवास का नाम राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है और अन्य युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

श्रमिकों के सम्मान के साथ सरकार पर निशाना, इंटक का मजदूर दिवस आयोजन

देवास

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जिला देवास द्वारा उज्जैन रोड स्थित मजदूर चौराहे पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंटक नेता महेश राजपूत के नेतृत्व में मजदूर भाइयों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा मिठाई वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता एवं इंटक के संरक्षक डॉ. मंसूर शेख, इंटक नेता महेश राजपूत, युवक कांग्रेस नेता अराफात भाई, इंजीनियरिंग मधुर सेवा संघ के अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मंसूर शेख ने मजदूरों के सम्मान में कहा— पैरों में छाले सही, हाथों में मेहनत की लकीर है, मजदूर हूं मैं साहब, मेरी ठोकर में तकदीर है।

वहीं इंटक नेता महेश राजपूत ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार मजदूर विरोधी नीतियों पर कार्य कर रही है और उद्योगपतियों के प्रभाव में मजदूरों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को न्यूनतम वेतन तक नहीं मिल रहा है, साथ ही स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा के लिए भी कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है।

कार्यक्रम के अंत में युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अराफात भाई ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र मजदूर एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा, जिससे मजदूर एकता का संदेश मजबूत हुआ।

रोजगार मेले में 130 का हुआ प्राथमिक चयन

मंदसौर। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, रोजगार विभाग एवं तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग म.प्र. के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय आईटीआई नयाखेड़ा मंदसौर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 240 युवाओं ने पंजीयन कराया। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने अपने स्टाल लगाए। 43 युवाओं का अप्रेन्टिशीप के लिए चयन व 130 युवाओं का प्राथमिक तौर पर चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

सिद्धराज मंदिर में गूंजे ढपली के स्वर बच्चों ने सीखा लय और ताल

नीमच

देवास। विप्र नारी शक्ति समूह की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में एक अनूठा आयोजन देखने को मिला।

गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा सिद्धराज मंदिर परिसर में छोटे बच्चों के लिए एक माह का ढपली प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान बच्चों ने न केवल संगीत की बारीकियां सीखी, बल्कि अनुशासन और सामूहिकता का भी अनुभव प्राप्त किया। विप्र नारी समूह की महिलाओं ने पूरे समय बच्चों का उत्साहवर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाया। शिविर के समापन अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्योति चौरे, उपाध्यक्ष सोनल शर्मा, योगाचार्य हर्षा तिवारी, मीडिया सह-प्रभारी रश्मि आरस, शुभांगी राठौर, रचना पुरोहित एवं दीपिका व्यास की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों को चॉकलेट एवं पेन वितरित किए गए, वहीं सोनल शर्मा द्वारा ढफली भेंट कर बच्चों का उत्साह और बढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में गायत्री परिवार के सदस्यों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

जनगणना 2027-शुरू हुआ प्रथम चरण, 30 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण

देवास। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ हो गया। यह चरण मकान सूचीकरण का है जो 30 मई तक चलेगा। नगर निगम देवास अंतर्गत नगरीय क्षेत्र को कुल 440 जनगणना ब्लॉकों में बांटा गया है। प्रत्येक ब्लॉक के लिए 1-1 प्रगणक की नियुक्ति की गई है। इस तरह कुल 440 प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। कार्य के सुपरविजन के लिए प्रत्येक 6 ब्लॉक पर 1 पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कुल 69 पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। प्रत्येक प्रगणक अपने आवंटित ब्लॉक में स्थित प्रत्येक भवन का सर्वेक्षण कर निर्धारित जानकारी एकत्रित करेंगे। 1 मई से सभी प्रगणकों ने अपने अपने गणना ब्लॉकों का भ्रमण, ब्लॉक-वार्ड की पहचान और भवनों पर नंबर अंकित करने का काम आरंभ किया। इसके बाद 4 मई से प्रगणक फील्ड में जाकर जानकारी एकत्रित करने का कार्य शुरू करेंगे। नगर निगम देवास के प्रमुख जनगणना अधिकारी, आयुक्त दलीप कुमार ने सभी शहरवासियों से अपील की है।

नीट परीक्षा, कलेक्टर ने परखी तैयारियां पुख्ता इंतजामों के दिए निर्देश

नीमच

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 3 मई 2026 को नीमच जिले के दो केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शासकीय पीजी कॉलेज नीमच एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय नीमच स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दोनों केंद्र प्रभारियों को सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश- पृथक व्यवस्था- केंद्र पर महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों के प्रवेश की पृथक-पृथक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला परीक्षार्थियों की सम्मानजनक फिस्किंग एवं मोबाइल आदि सामग्री रखने की पुख्ता व्यवस्था हो। फिस्किंग प्रक्रिया महिला एवं पुरुष कर्मचारी द्वारा पृथक-पृथक की जाएगी। कलेक्टर ने जाजू कॉलेज केंद्र पर परीक्षा कक्षों में अतिरिक्त ट्यूब लाइट लगवाकर प्रकाश व्यवस्था और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों केंद्रों पर एक-एक कक्ष में जाकर बैठक व्यवस्था का भी अवलोकन किया। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर केंद्र पहुंचने तथा परीक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर की

देवास

जिले के खजुरिया जागीर गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार सुबह सामने आई, जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खजुरिया जागीर निवासी गिरधारी लाल (55 वर्ष) ने अज्ञात कारणों से खुदकुशी की। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे उनकी पत्नी ने उन्हें घर की छत पर फंदे से लटका हुआ देखा। उन्होंने तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। परिजन गिरधारी लाल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उनका पोस्टमार्टम किया।

पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र उज्ज्वल चौहान ने बताया कि उनके पिता मटके बनाने का काम करते थे। गुरुवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। उज्ज्वल के अनुसार, रात करीब 3 बजे तक सब कुछ सामान्य था और उनके पिता सो रहे थे। उज्ज्वल ने यह भी बताया कि उनके पिता ने छत पर रस्सी बांधकर फांसी लगाई थी। उन्होंने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। हालांकि, कुछ साल पहले उन्होंने अपनी बहनों के विवाह के लिए कर्ज लिया था, जिसे चुकाना बाकी था, लेकिन वे इसे लेकर कभी चिंतित नहीं दिखे। जिला अस्पताल के डॉक्टर धर्मेंद्र प्रजापति ने बताया कि यह फांसी का मामला है और पोस्टमार्टम कर दिया गया है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मौत की वजह भी पता करने की कोशिश की जा रही है।

आग से उजड़े परिवारों के लिए मदद का हाथ समाजसेवी विजय कटेसरिया की सराहनीय पहल

नीमच

नेवरी फाटा क्षेत्र में हालहीं में हुई भीषण आगजनी की घटना ने कई परिवारों को गहरे संकट में डाल दिया। भोपाल-इंदौर हाईवे के पास स्थित इस इलाके में 25 अप्रैल 2026 के आसपास लगी आग ने चार झोपड़ियों को पूरी तरह जलाकर राख कर दिया, जिससे परिवारों की वर्षों की मेहनत और संचित गृहस्थी का सामान पल भर में नष्ट हो गया।

इस कठिन समय में समाजसेवी विजय कटेसरिया ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए प्रभावित परिवारों तक राहत पहुँचाने की पहल की। उन्होंने मौके पर पहुँचकर पीड़ितों को एक महीने का राशन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिल सकी। इस राहत कार्य के दौरान कांग्रेस जिला संगठन महासचिव जितेंद्र सिंह गौड़, हेमंत शर्मा, बाबूलाल गुर्जर, सोनू सूद चैरिटी क्लब के शुभम विजयवर्गीय, भूपेंद्र मौर्या, अनिल चौहान, महेश चौहान, धीरेंद्र राजपूत, दीपक पारशे, शैलेंद्र पटेल और गोपाल दरबार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में आगे आकर मदद करना ही सच्ची समाजसेवा है।

वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप के लिए देवास के खिलाड़ी उदयपुर रवाना

नीमच

देवास। वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप के लिए देवास के खिलाड़ी उदयपुर रवाना हुए। जिला रॉलबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष अनवर खान एवं सचिव संदीप जाधव ने बताया कि रॉलबॉल वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 2 से 3 मई 2026 तक राजस्थान के उदयपुर स्थित रियान इंटरनेशनल स्कूल में किया जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देवास जिले के जूनियर बालक वर्ग से क्रिस्टल जादव और सात्विक शिवहरे का चयन हुआ है, जो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित खिलाड़ी कोच देवराज सांगते एवं सीनियर खिलाड़ी अक्ष दुबे के साथ उदयपुर के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों में इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला संघ ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में दलित मुद्दों पर मंथन

संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

देवास। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अनुसूचित जाति विभाग द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में धीरज कल्याणे, आदेश शहर अध्यक्ष, कांग्रेस एससी विभाग, देवास भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी विभाग राजेन्द्र पाल गौतम, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, सुरेन्द्र चौधरी एवं अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

पश्चिम बंगाल : एग्जिट पोल के बाद भारी हंगामा.....

भाजपा समर्थकों ने टीएमसी का वाहन घेरा

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल सामने आने के बाद से ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में राजनीतिक सरगर्मी और तनाव का माहौल बना हुआ है। गुरुवार रात दक्षिण कोलकाता की हाई-प्रोफाइल भवानीपुर सीट पर उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक वाहन को घेर लिया। भाजपा समर्थकों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उस वाहन में कुछ संदिग्ध वस्तु लेकर आई थीं।

सोशल मीडिया पर आए वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वाहन के इर्द-गिर्द लोगों की भारी भीड़ जमा है और जमकर नारेबाजी की जा रही है। मौके पर मौजूद प्रदर्शनकारियों का दावा था कि वाहन को बिना जांच के जाने नहीं दिया जा सकता क्योंकि उसमें कुछ संदिग्ध सामान होने की आशंका है। हालांकि, इस मामले में अब तक पुलिस या चुनाव आयोग के पास कोई औपचारिक शिकायत दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना उस समय हुई जब टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी गुरुवार को भवानीपुर के एक ईवीएम 'स्ट्रॉन्ग रूम' का जायजा लेने पहुंची थीं। दक्षिण कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित मतगणना केंद्र पर करीब चार घंटे बिताने के बाद बनर्जी रात करीब 12:07 बजे वहां से निकलीं। उन्होंने वहां से निकलते समय मतगणना प्रक्रिया में धांधली की आशंका जताते हुए चेतावनी दी कि ईवीएम के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बंगाल चुनाव परिणामों को लेकर बीजेपी की खास बैठक आज

भाजपा ने कोलकाता में एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई है। इस बैठक का मकसद पश्चिम बंगाल के आहम विधानसभा चुनावों के लिए 4 मई को होने वाली वोटों की गिनती से पहले पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करना है। इस बैठक में पार्टी का नेतृत्व बूथ-स्तर के प्रबंधन और तालमेल की व्यवस्था का जायजा लेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चले। इसके अलावा पार्टी 4 मई के 'डी-डे' के लिए अपनी रणनीति और कार्यप्रणाली को भी अंतिम रूप देगी।

पश्चिम बंगाल चुनाव टीएमसी को झटका

पश्चिम बंगाल सहित देश के पांच राज्यों में 4 मई को होने वाली मतगणना से ठीक पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कानूनी मोर्चे पर बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें मतगणना प्रक्रिया के लिए केवल केंद्र सरकार के कर्मचारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई थी। जस्टिस कृष्ण राव की पीठ ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायकों के रूप में केंद्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों की नियुक्ति में कुछ भी अवैध नहीं है। अदालत ने अपने आदेश में जोर देकर कहा कि यह चुनाव आयोग का विवेकाधिकार है कि वह चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने के लिए किसे नियुक्त करना चाहता है। टीएमसी ने अपनी याचिका में यह गंभीर आशंका जताई थी कि केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी के प्रभाव में आकर काम कर सकते हैं, जिससे चुनाव परिणामों की शुचिता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, अदालत ने इस दलील को कमजोर पाते हुए कहा कि मतगणना कक्ष के भीतर केवल पर्यवेक्षक ही मौजूद नहीं रहते, बल्कि वहां माइक्रो ऑब्जर्वर, विधिवत उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट और अन्य सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहते हैं।

स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर हंगामे पर टीएमसी नेता का बयान, अधिकारी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे

कोलकाता में एक स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर हुए हंगामे पर तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने बड़ा बयान दिया है। टीएमसी नेता घोष ने आरोप लगाया कि भाजपा ही चुनाव आयोग है। स्ट्रॉन्ग रूम के अंदर बैठे अधिकारी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। टीएमसी नेता घोष ने कहा, 'गुरुवार जो हुआ, वह यह था कि यह एक सील्ड स्ट्रॉन्ग रूम है। अचानक हम लोगों ने देखा कि सील्ड स्ट्रॉन्ग रूम खोला गया और उसके अंदर कुछ हलचल हुई। हम लोग जानना चाहते हैं कि यह किस तरह की हलचल थी, वह कैसे हुई, और क्यों हुई। इसका पता हम लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, क्योंकि हम रूम्प्टीकरण चाहते थे। उन्होंने कहा कि फिलहाल वहां एरिया को खाली में बदल दिया गया है। कुणाल घोष ने दावा किया कि शाम 5 बजे के बाद फिर से वहां हलचल हो सकती है। इसलिए हम सभी उम्मीदवार और एजेंट को जानकारी दी जाएगी कि हम सभी को स्ट्रॉन्ग रूम की गिनती के लिए उपस्थित रहना होगा।

बंगाल चुनाव में जासूसी कांड : मतदाताओं की जेब में मिले कैमरे

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे चरण के बाद चुनावी शुचिता पर सवाल खड़े हुए हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसी) दक्षिण 24 परगना जिले की चार विधानसभा सीटों के 77 बूथों पर फिर मतदान कराने की मांगों पर गंभीरता से विचार कर रहा है। इन बूथों पर ईवीएम से छेड़छाड़ और डराने-धमकाने जैसी गंभीर शिकायतें मिली हैं। ये मांगें 29 अप्रैल को बंगाल चुनाव के दूसरे चरण के बाद सामने आई हैं। आयोग को फाल्टा से फिर मतदान की 32 शिकायतें मिलीं, इसके बाद डायमंड हार्बर (29), मगराहाट (13) और बज-बज से तीन शिकायतें मिलीं। फिर मतदान की मांगें आम तौर पर राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, पोलिंग एजेंटों या पर्यवेक्षकों द्वारा की जाती हैं। वे इसके लिए ईवीएम में खराबी, बूथ पर कब्जा, डराना-धमकाना या मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन जैसी खास अनियमितताओं का हवाला देते हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'बुधवार को मतदान खत्म होने के तुरंत बाद जो शिकायतें सामने आईं, उनमें ईवीएम से छेड़छाड़, मशीनों पर किसी चीज का इस्तेमाल करने और निगरानी कैमरों को रोकने की कोशिशों के आरोप शामिल हैं। शिकायतों की संख्या और उनकी गंभीरता को देखकर आयोग कोई जोखिम नहीं लेना चाहता।

» भारतीय रेलवे ने पशु-पक्षियों के ट्रेन में परिवहन के लिए तय किए दिशा-निर्देश

बिना बुकिंग जानवरों को ट्रेन में ले जाने पर लगेगा जुर्माना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में पालतू पशुओं और पक्षियों को ले जाने के नियमों को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। अब बिना उचित बुकिंग और जरूरी दस्तावेजों के पालतू जानवरों को ट्रेन में ले जाने पर संबंधित यात्री के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और ऐसे मामलों में छह गुना तक जुर्माना वसूला जा सकता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि भारतीय रेलवे ने पशु-पक्षियों के ट्रेन में परिवहन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले अपने पालतू जानवरों की विधिवत बुकिंग करें ताकि अनावश्यक असुविधा और दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। नियमानुसार, पालतू कुत्तों को केवल फर्स्ट एसी अथवा फर्स्ट क्लास में ही यात्री के साथ ले जाने की अनुमति है। इसके लिए पूरा कूपे या केबिन आरक्षित होना जरूरी है और साथ ही सहयात्रियों की सहमति और टीटीई की अनुमति भी जरूरी है। कुत्ते, बिल्ली और अन्य छोटे पालतू जानवरों को पार्सल अथवा ब्रेकवान के जरिए भी परिवहन किया जा सकता है। इस स्थिति में, जानवर को गार्ड के पास के डिब्बे में पहले से स्थापित डॉग बॉक्स में सुरक्षित रखा जाता है। जानवरों की बुकिंग के लिए यात्री को यात्रा से पहले संबंधित स्टेशन के पार्सल कार्यालय में संपर्क कर जरूरी प्रक्रिया पूरी करनी होती है, जिसमें जानवर का वजन, निर्धारित प्रपत्र भरना एवं शुल्क जमा करना शामिल है। बुकिंग के उपरांत रेलवे द्वारा रसीद जारी की जाती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जानवरों की बुकिंग के लिए पशु चिकित्सक द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र एवं स्वामी का पहचान पत्र प्रस्तुत करना जरूरी है।

फटाफट खबरें

बालेन के नेतृत्व की मंशा पर सवाल हुए खड़े

काठमांडु,(ईएमएस)। नेपाल में बालेन शाह के राज में सरकारी एयरलाइन ने भारत का एक गलत नक्शा जारी कर दिया, जिसमें कश्मीर और लद्दाख को पाकिस्तान का हिस्सा बताया था। बाद में जब हंगामा बढ़ा तो इसे 'तकनीकी गलती' बताकर पल्ला झाड़ लिया। इस घटना ने जलती आग में घी डालने का काम किया है क्योंकि बालेन शाह का पुराना ट्रैक रिकॉर्ड भी कुछ ऐसा ही रहा है। भारत विरोधी कांड और बयानबाजी के लिए पहचाने जाने वाले बालेन शाह इस समय भारत और नेपाल के दोस्ती भरे रिश्तों में रोड़ा बनकर उभर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में नेपाल की राष्ट्रीय ध्वज वाली एयरलाइन, नेपाल एयरलाइंस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक रूट मैप साझा किया था।

बस बनी तस्करी का जरिया, चालक गिरफ्तार

जयपुर,(ईएमएस)। चुनावी माहौल के बीच नशे की तस्करी का एक चौंकाने वाला मामला जयपुर में सामने आया है। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बस से 6 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक यह बस कुछ दिन पहले राजस्थान से पश्चिम बंगाल के कूचबिहार इलाके में चुनाव के दौरान वोटरों को लेकर गई थी। वापसी के दौरान आरोपी चालक शाबू बर्मन ने बस की डिक्की में गांजा छिपाकर तस्करी की कोशिश की। आरोपी जयपुर के झालाना कच्ची बस्ती का रहने वाला है।

हिंसा रोकने के लिए चुनाव आयोग का चक्रव्यूह

कोलकाता(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब सभी की नजरें 4 मई को आने वाले चुनावी नतीजों पर टिकी हैं। एग्जिट पोल के अनुमानों ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है, लेकिन इस बीच सबसे बड़ी चिंता चुनाव बाद होने वाली संभावित हिंसा को लेकर है। शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने केंद्रीय रक्षतव्य पुलिस बल की करीब 700 कंपनियों को राज्य में तैनात रखने का फैसला किया है। ये कंपनियां विशेष रूप से उन संवेदनशील इलाकों में तैनात रहेंगी जहां पहले हिंसा की घटनाएं हो चुकी हैं। मतगणना केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा होगा, जिसमें केंद्रीय बलों के साथ स्थानीय पुलिस का रुमव्यू रहेगा। आयोग ने तकनीकी स्तर पर भी सुरक्षा को मजबूत किया है, इस बार मतगणना केंद्रों में प्रवेश के लिए 'क्यूआर कोड' आधारित फोटो पहचान पत्र अनिवार्य किए गए हैं।

मोदी ने मिशन प्रमुखों को दिया '3टी' का मंत्र

2047 के लिए कूटनीति में सुधार पर जोर

नई दिल्ली,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए भारतीय राजनयिकों को व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन (ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म) यानी '3टी' पर ध्यान केंद्रित करने का मूल मंत्र दिया है। नई दिल्ली में आयोजित 11वें मिशन प्रमुखों (एचओएम) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साल 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक कूटनीति में क्रांतिकारी सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित किया।

भारतीय कूटनीति के लिए एक बेहतरीन क्षण बताया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री के इस संबोधन को भारतीय कूटनीति के लिए एक बेहतरीन क्षण बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया कि इस सम्मेलन के दौरान 'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी, प्रवासी भारतीयों के साथ गहरे जुड़ाव और वैश्विक जोखिमों को कम करने की जरूरत पर विस्तार से चर्चा की गई। जयशंकर के अनुसार, यह सम्मेलन सरकार, व्यापार और तकनीक जगत के दिग्गजों के विचारों से समृद्ध रहा, जो '2047 के लिए भारतीय कूटनीति में तुधार' की थीम के बिल्कुल अनुरूप था। विदेश मंत्रालय द्वारा 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर में तैनात भारत के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने हिस्सा लिया।

नीट यूजी 2026: रिकॉर्ड 22.79 लाख रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट यूजी) 2026 के लिए इस बार कुल 22,79,743 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। पिछले वर्ष की तुलना में उम्मीदवारों की संख्या में करीब 3000 की वृद्धि दर्ज की गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इन सभी परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इस बार परीक्षा में सबसे सुखद पहलू चिकित्सा के क्षेत्र में महिला अभ्यर्थियों की बढ़ती भागीदारी है। पंजीकरण में लगभग 58 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है, जिसमें 13,32,928 महिला और 9,46,815 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं।

लंदन में गोल्डन ग्रीन पहुंच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टारमर के खिलाफ बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए लोग। ये लोग हाल ही में यहां हुए उस हमले का विरोध कर रहे थे जिसमें दो लोगों को चाकू मार दिये गये थे। -फोटो-ईएमएस।

अंतरिक्ष में भारत की बड़ी छलांग 'सुपर आई' सैटेलाइट-3 होगा लांच

अंधेरा भी नहीं रोक पाएगा नजर!

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत अंतरिक्ष तकनीक में एक और बड़ी छलांग लगाने को तैयार है। बेंगलुरु की निजी स्पेस स्टार्टअप गैलेक्सी आई स्पेस 3 मई 2026 को अपना अत्याधुनिक सैटेलाइट मिशन दृष्टि लांच करने वाली है। यह सैटेलाइट स्पेस एक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। यह सिर्फ एक और सैटेलाइट नहीं, बल्कि भारत की निजी कंपनी द्वारा तैयार किया गया अब तक का सबसे बड़ा 190 किलोग्राम वजनी सैटलाइट है। सैटलाइट की खासियत यह है कि धरती की निगरानी उस तरीके से करेगा जो पहले संभव नहीं था। ज्यादातर सैटलाइट या ऑप्टिकल कैमरे से तस्वीर लेते थे या फिर रडार तकनीक से तस्वीर लेते थे। ऑप्टिकल मोबाइल कैमरे की तरह साफ तस्वीरें देते हैं, लेकिन बादलों या रात में काम नहीं करते। वहीं रडार तकनीक अंधेरे और बादलों के पार देख सकती है,।

बरगी डैम क्रूज हादसा, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी

राकेश सिंह ने घटना पर दुख जाहिर किया

जबलपुर (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी डैम क्रूज हादसे को लेकर राज्य और स्थानीय प्रशासन ने गंभीर चिंता जाहिर की है। इस घटना में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है, जबकि अब तक कई लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है और कुछ शव भी बरामद हुए हैं। सांसद राकेश सिंह ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर अत्यंत गंभीर और दर्दनाक घटना बताया। उन्होंने कहा कि मोहन सरकार पूरे मामले की विस्तृत जांच कराएगी और यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तब जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और नियमों को सख्त किया जाएगा। सांसद सिंह ने बताया कि बारिश और अंधेरे के कारण रात में रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा आई थी, जबकि पानी की गहराई भी बड़ी चुनौती बनी रही। इसके बावजूद एनडीआरएफ और सेना की विशेष टीमों ने शुक्रवार सुबह से अभियान को तेज किया है। अब तक 9 शव निकाले जा चुके हैं और 22 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया गया है।

बरगी क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने भी हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दर्दनाक है और सभी एजेंसियां मिलकर राहत कार्य में जुटी हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रूज डूबने के कारणों और संभावित खामियों की विस्तृत जांच की जाएगी, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इसी बीच सांसद आशीष दुबे ने भी हादसे को अत्यंत दुखद जताकर कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

भारत में 2025-26 में चीनी उत्पादन 7.32 फीसदी बढ़कर 2.752 करोड़ टन रहा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत की चीनी मिलों ने उन आशंकाओं को खत्म कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि इस साल चीनी उत्पादन कम होगा। चीनी उद्योग के संगठन इस्मा ने बताया है कि भारत में 2025-26 विपणन सत्र में अब तक चीनी उत्पादन 7.32 फीसदी बढ़कर 2.752 करोड़ टन रहा है। पिछले साल की समान अवधि में यह उत्पादन 2.564 करोड़ टन था। बता दें कि चीनी विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इसके साथ ही एथनॉल उत्पादन के आंकड़ों में भी सुधार दिख रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिटिश व्हिस्की पर लगे व्यापारिक टैरिफ हटाने का किया ऐलान

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाइटेड किंगडम से आने वाली व्हिस्की पर लगे सभी टैरिफ और व्यापारिक प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण निर्णय ब्रिटेन के राजा चार्ल्स III और रानी कैमिला के हालिया अमेरिकी दौरे के समापन के ठीक बाद लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कदम को शाही जोड़े के प्रति सम्मान और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती देने वाला बताया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस फैसले की जानकारी साझा करते हुए लिखा कि किंग और क्वीन के सम्मान में, जो अभी-अभी व्हाइट हाउस से अपने देश के लिए रवाना हुए हैं, मैं व्हिस्की पर लगे तमाम प्रतिबंध हटा रहा हूं।

ट्रंप ने जोर देकर कहा कि इस फैसले से स्कॉटलैंड की व्हिस्की और अमेरिका के केंटकी की बोरबन इंडस्ट्री को भारी लाभ होगा। ये दोनों ही क्षेत्र अपने देशों की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं। राष्ट्रपति के अनुसार, दोनों देशों के बीच साझा सप्लाई चेन, विशेष रूप से लकड़ी के बैरल (पीपे) का उपयोग, इस उद्योग को आपस में गहराई से जोड़ता है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका आने का दिया न्योता

इराक में सत्ता बदली, युवा कारोबारी जैदी बने नए प्रधानमंत्री

वाशिंगटन(ईएमएस)। ईरान और अमेरिका के बीच जारी भारी तनाव के बीच इराक की राजनीति में एक बड़ा और चौंकाने वाला बदलाव देखने को मिला है। महीनों से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध को खत्म करते हुए इराक में नए नेतृत्व का ऐलान किया गया है। 40 वर्षीय सफल कारोबारी अली अल-जैदी को इराक का नया प्रधानमंत्री नामित किया गया है। इस घोषणा का अमेरिका ने गर्मजोशी से स्वागत किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुए अली अल-जैदी को बधाई दी और भविष्य में दोनों देशों के बीच 'मजबूत और प्रोडक्टिव' रिश्तों की उम्मीद जताई है।

इराक की राजनीति में अली अल-जैदी एक बिल्कुल नया चेहरा हैं। उनका राजनीति में कोई लंबा अनुभव नहीं है, बल्कि उन्होंने निजी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। बगदाद में जन्मे जैदी का परिवार दक्षिणी प्रांत धी कार से ताल्लुक रखता है। लॉ और फाइनेंस में स्नातक होने के साथ-साथ उन्होंने बैंकिंग और फाइनेंस में मास्टर डिग्री हासिल की है। वे वर्तमान में 'नेशनल होल्डिंग कंपनी' के प्रमुख हैं, जो कृषि, रियल एस्टेट, रसद और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय है। इसके अलावा, वे शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों के बोर्ड में भी प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, उनके बैंकिंग करियर से जुड़े कुछ पुराने विवाद भी चर्चा में रहे हैं, लेकिन फिलहाल उनकी पहचान एक आधुनिक और आर्थिक सोच वाले नेता के रूप में की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में जैदी से एक 'आतंकवाद मुक्त' सरकार बनाने और इराक के लिए बेहतर भविष्य तैयार करने का आह्वान किया है।

» सान सू जेल से रिहा, फिर नजरबंद

नेपिडो(ईएमएस)। म्यांमार की दिग्गज लोकतांत्रिक नेता आंग सान सू की को जेल से रिहा कर दिया गया है, हालांकि उन्हें पूरी तरह स्वतंत्र करने के बजाय अब घर में नजरबंदी में भेज दिया गया है। म्यांमार के सूचना मंत्रालय ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए बताया कि राष्ट्रपति ने वे पि ताव जेल में सजा काट रही सू की की शेष सजा को नजरबंदी में बदलने का निर्णय लिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सैन्य शासन द्वारा यह कदम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र का आभास देने के उद्देश्य से उठाया गया है। 80 वर्षीय सू की को नजरबंदी में भेजने का फैसला 'राज्य की उदारता' और 'कसोन पूर्णिमा' के पवित्र अवसर पर किया गया है।

मैं जोखिम लेना पसंद करूंगा

एक्टर विनीत रैना इंडस्ट्री में खुद को बार-बार दोहराने के बजाय हर बार कुछ नया करने में विश्वास रखते हैं। उनका मानना है कि एक लंबा और मजबूत करियर बनाने के लिए सोच-समझकर फैसले लेना बेहद जरूरी है।विनीत कहते हैं, 'मैं रोल चुनते वक्त बहुत सोच-समझकर निर्णय लेता हूं। मैं कहानी, किरदार का लुक और उसके आर्क की गहराई को ध्यान से देखता हूं। यह जरूरी है कि हर किरदार एक नई झलक लेकर आए और मेरे पिछले काम से मिलता-जुलता न लगे। 'वह मानते हैं कि एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ने के लिए दोहराव को पहचानना जरूरी है। 'जब मैं किसी स्क्रिप्ट या स्टोरीलाइन को समझता हूं, तो मुझे अंदाजा हो जाता है कि उसमें वैरायटी की कमी है या नहीं। ऐसे में मैं पीछे हट जाता हूं।

परंपराओं को चुनौती देती 'रजनी की बारात'

केरला स्टोरी 2 और डॉसी की रानी फ्रेम एक्ट्रेस उल्का गुप्ता अपनी शादी की बारात खुद लेकर आ रही है और वो भी पूरी बारात के स्वैग के साथ!' इसी धमाकेदार कॉन्सेप्ट के साथ हिंदी फिल्म 'रजनी की बारात' का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। पोस्टर में उल्का गुप्ता पूरी अटिट्यूड के साथ स्कूटर पर अपनी ही बारात लीड करती नजर आ रही हैं। एक ऐसा विजुअल जो पारंपरिक सोच को तोड़ते हुए तुरंत ध्यान खींचता है। उनके साथ सुनीता राजवर और जरीना वहाब की मुरकुराती मौजूदगी पोस्टर दिलचस्प बनाती है। वहीं दूसरी तरफ अश्वथ भट्टएक पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आकर कहानी में एक दिलचस्प ट्विस्ट का संकेत देते हैं।

ऋचा ने बेली डांस के शौक को जिया

एक्टर और प्रोड्यूसर ऋचा चड्ढा एक बार फिर अपने पुराने शौक बेली डांस से जुड़ रही हैं। इस बार उन्होंने गोवा में 5 दिन का एक खास ट्रेनिंग कोर्स किया, ताकि इस डांस फॉर्म को और गहराई से समझ सकें।कुछ साल पहले, एक फिल्म के लिए खास डांस नंबर की तैयारी के दौरान, ऋचा ने कज़ाखस्तान में इंटरनेशनल एक्सपर्ट ओल्गा मेओस से ट्राइबल बेली डांस सीखा था। जो शुरुआत में सिर्फ एक रोल की तैयारी थी, वह धीरे-धीरे उनका शौक बन गया। यह डांस फॉर्म अपने कठिन कोर वर्क और शरीर के सटीक मूवमेंट्स के लिए जाना जाता है, जिसने उनकी फिटनेस और क्रिएटिव एक्सप्रेशन दोनों में मदद की। बाद में उन्होंने मुंबई की ट्रेनर शैना लेबाना के साथ भी अपनी प्रैक्टिस जारी रखी।

शीना ने इरफान को याद किया

भले ही छह साल बीत गए हों, लेकिन इरफ़ान खान की यादें आज भी बेहद करीब महसूस होती हैं–उन लोगों के दिलों में ज़िंदा हैं जो उन्हें जानते थे, और उन लाखों लोगों के दिलों में भी जो उनके प्रशंसक थे। अपनी पुण्यतिथि पर, अभिनेत्री शीना चौहान ने एक बेहद भावुक पल साझा किया, जिसने प्रशंसकों को अतीत में वापस पहुंचा दिया।इंस्टाग्राम पर, शीना ने एक अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोह की एक प्यारी पुरानी तस्वीर साझा की–इरफ़ान खान के साथ एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर। यह तस्वीर एक सादे, फिर भी खूबसूरत पल को कैद करती है: दो कलाकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, सहजता से मुस्कुरा रहे हैं, और उनके बीच एक खामोश जुड़ाव है जो अब और भी कीमती लगता है।

कमेंट्री बॉक्स में महिला कमेंटेटर को चूमने के कारण विवादों में आये रमीज राजा

■ लाहौर (ईएमएस)।

पाकिस्तान में जारी सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में कमेंट्री कर रहे पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर रमीज राजा विवादों में आ गये हैं। रमीज लीग में कमेंट्री के लिए आई ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला क्रिकेटर लिसा स्टालेकर को गले लगाते और किस करते हुए दिखे। उनका एक वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना के बाद से ही क्रिकेट प्रशंसकों ने रमीज पर हमला बोला है।

वीडियो में इस घटना के पीछे का पूरा कारण या बातचीत स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है। जिससे ये ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर रही हैं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान पहले भी रमीज विवादों में रहे हैं। में रमीज लिसा को गले लगाते और फिर उनके गाल पर किस करते हुए नजर आये। इस बिलप के सामने आते ही उनपर हमला शुरु हो गया। कुछ लोगों द्वारा उनके आचरण पर उंगलये गये। वहीं कई ने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार उन्हें नहीं करना चाहिये था। कई यूजर्स ने इसे अनावश्यक करार दिया, जबकि कुछ ने इसे सिर्फ एक दोस्ताना भाव बताया। 46 वर्षीय लिसा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर रही हैं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान पहले भी रमीज विवादों में रहे हैं।

आईपीएल 2026 में बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रहा

10 बार 200 से अधिक रनों के लक्ष्य हासिल किये गये

■ मुम्बई (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 19 वें सत्र में बल्लेबाज इस कदर हावी रहे हैं कि बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रहा है। इस बार टीमों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक रनों के स्कोर भी आसानी से हासिल लिए। इस सत्र में पिछले सारे रिकार्ड टूट गये हैं। ये किसी आईपीएल सत्र में पहली बार है जब 10 बार 200 से बड़े लक्ष्य हासिल किये गये हैं। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था। इस कारण अब पहली पारी में बनाए गए बड़े से बड़े स्कोर भी अब सुरक्षित नहीं माने जा रहे हैं। पिछला रिकॉर्ड आईपीएल 2025 में बना था, जब टीमों ने 9 बार 200 से अधिक के लक्ष्य हासिल किये थे। मौजूदा सीज़न का लगभग आधा हिस्सा अभी बाकी है, जिसका मतलब है कि यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है और रिकॉर्ड को और मजबूत कर सकता है।

इस सत्र में ऐसे कई मुकाबले देखने को मिले हैं जिन्होंने क्रिकेट प्रेमियों को हैरान किया है। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच गत दिवस हुआ मैच ही ले इसमें मुम्बई की टीम 243 रन बनाने के बाद भी हार गयी। इसी प्रकार दिल्ली कैपिटल्स भी 264 रनों के स्कोर का बचाव नहीं कर पायी। इन मुकाबलों से साफ है कि अब टीमें कोई भी स्कोर हासिल कर सकती है। आईपीएल 2026 में 200 या उससे अधिक का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली टीमों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 2 बार, मुंबई इंडियंस 1 बार, पंजाब किंग्स 3 बार, राजस्थान रॉयल्स 2 बार, और सनराइजर्स हैदराबाद 2 बार शामिल हैं। इन टीमों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन से यह संभव कर दिखाया है। आईपीएल इतिहास में सबसे बड़े सफल लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स ने अपने नाम किया है, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल किया। दूसरे नंबर पर भी पंजाब किंग्स ही है।

आरसीबी पर जीत से गुजरात को दो अंकों का लाभ, तालिका में पांचवें स्थान पर बरकरार

■ मुम्बई (ईएमएस)।

गुजरात टाइटंस टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले के बाद अंक तालिका में कोई बदलाव नहीं आया है और सभी टीमें अपने ही स्थानों पर हैं। केवल गुजरात को 2 अंक का लाभ हुआ है। वहीं आरसीबी के हाथ से हार के कारण अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर पहुंचने का अवसर निकल गया। इस मैच के परिणाम के बाद भी अंकतालिका में सभी टीमें अपनी-अपनी जगह पर बनी हुई हैं। अभी अंक तालिका में पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ ही शीर्ष पर है।

पंजाब ने 8 मैचों में 6 जीत और 1 मैच बारिश के कारण बाधित होने के कारण नहीं हो पाने के बाद भी 13 अंक लेकर नंबर एक पर ही है। वहीं आरसीबी 9 मैचों में 6 जीत और 3 हार के साथ 12 अंकों पर दूसरे स्थान पर है। वहीं तीसरे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद है, जिसके 9 मैचों में 6 जीत के साथ 12 अंक हैं। वहीं, चौथे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स है, जिसने 9 में से 6 मुकाबले जीतकर 12 अंक हासिल किए हैं। पर उनका 0.617 का नेट रन रेट अन्य टीम से कम है।

वहीं गुजरात टाइटन्स ने बेंगलुरु के खिलाफ अपनी जीत के साथ 9 मैचों में 5 जीत और 4 हार के साथ 10 अंक हासिल कर लिए हैं और वह शीर्ष 5 में अपनी जगह बनाए रखने वाली पांचवीं टीम बन गई है। इस जीत से उसका रन रेट भी बेहतर हुआ है। छठे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स है, उसने 8 मैचों में 3 जीत और 5 हार के साथ 6 अंक हासिल कर पाई है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स भी 6 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है पर वह रेट में पीछे है अंक तालिका के निचले हिस्से में कोलकाता नाइट राइडर्स 8 मैचों में 2 जीत, 5 हार और 1 बेनतीजा परिणाम के साथ 5 अंक लेकर 8वें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस 8 मैचों में केवल दो जीत और 6 हार के साथ ही 4 अंक लेकर 9वें स्थान पर है। अंतिम स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, उसने 8 में से सिर्फ दो मैच जीते हैं और उसका नेट रन रेट भी सबसे कम है।

शुभमन ने दिया विराट के आक्रामक जश्न का जवाब

■ अहमदाबाद (ईएमएस)।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली जब मैदान पर उतरते हैं और अपने जोश और जुनून के साथ ही विरोधी टीम पर दबाव बनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ते। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में भी विराट ने ऐसा ही किया। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल का कैच लेने के बाद कोहली ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। शुभमन भी कहां पीछे रहने वाले थे। मैच जीतने के बाद उन्होंने भी इसका करारा जवाब दिया। जब विराट ने कैच पकड़ा तो उस समय शुभमन 18 गेंदों में तेजी से 43 रन बनाकर खेल रहे थे। उनकी इस पारी से गुजरात की टीम जीत के लिए मिले लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। इसी कारण उसने आरसीबी को मैच में 4 विकेट से हरा दिया।

मैच में आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद शुभमन ने एक ऐसी पोस्ट साझा की जो देखते ही देखते वायरल हो गई। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में शुभमन ने मैच की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें से एक में कोहली भी नजर आ रहे थे। इसमें जो शब्द प्ले बोल्ड है वो विराट के जश्न का जवाब माने गए, क्योंकि प्ले बोल्ड आरसीबी का ही नारा है और गिल ने इसे इस्तेमाल कर अपने जवाब को और तीखा बना दिया।

फोटो-ईएमएस। चीन में एशियन बीच गेम्स में तस्वीर के लिए एकसाथ पोज देते हुए प्रतियोगी।

इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड के लिए वैभव सहित 25 खिलाड़ियों का नामांकन किया

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 सत्र के इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड के नामांकन की सूची जारी की है। बोर्ड ने सभी 10 टीमों में से ऐसे 25 खिलाड़ियों का चयन किया है, जो इस अवॉर्ड के दावेदार हैं। इसके लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, समीर रिजवी, मुकुल चौधरी और प्रियांश आर्या से लेकर सलिल अरोड़ा जैसे युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ये अवॉर्ड उस खिलाड़ी को मिलेगा जिसने सत्र में सबसे अधिक बेहतर प्रदर्शन किया हो। इसके साथ ही उसमें भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने की संभावना हो। ये अवॉर्ड केवल अनकैप्ड खिलाड़ी को ही दिया जाएगा। वहीं उस खिलाड़ी का जन्म भी एक अप्रैल 2000 के बाद हुआ होना चाहिये। पहले किसी सत्र में इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड नहीं जीता हो। इसमें पब्लिक वोट के अलावा टीवी कमेंटेटर्स की पसंद भी चयन के लिए पूछी जाती है। इस अवार्ड के लिए सबसे अधिक पांच खिलाड़ी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स के अलावा मुंबई इंडियंस के भी 3-3 खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं जबकि राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के 2-2 खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है।

क्लासेन को एकदिवसीय विश्वकप के लिए शामिल करे दक्षिण अफ्रीका : पीटरसन

■ लंदन (ईएमएस)।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से शानदार प्रदर्शन कर रहे बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन की जमकर प्रशंसा की है। पीटरसन ने कहा है कि जिस प्रकार से क्लासेन खेल रहे हैं। उसको देखते हुए दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड को उन्हें संन्यास से वापसी करने को कहना चाहिये। इसके साथ ही साल 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए भी टीम में शामिल करना चाहिये। पीटरसन इंग्लैंड टीम में शामिल होने से पहले दक्षिण अफ्रीकी मूल के क्रिकेटर रहे हैं। उनका मानना है जिस प्रकार की आक्रामक बल्लेबाजी क्लासेन करते हैं। उससे वह दक्षिण अफ्रीकी टीम को एकदिवसीय खिताब जिताने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। क्लासने ने जिस प्रकार से मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में केवल 30 गेंदों में नाबाद 65 रनों की आक्रामक पारी खेली उससे भी पीटरसन बेहद प्रभावित हैं। उनकी इस पारी में 7 शानदार चौके और 4 छक्के लगाये थे। क्लासेन इस सत्र में मध्यक्रम में सबसे आक्रामक बल्लेबाज बनकर सामने आये हैं।

बुमराह के बचाव में उतरे पोलार्ड

■ मुम्बई (ईएमएस)।

मुंबई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में बेहद खराब रहा है और लगातार मिल रही हार से वह नीचे स्थान पर खिसक गयी है। मुम्बई की हार में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का खराब प्रदर्शन भी एक प्रमुख कारण रहा है। बुमराह इस सत्र में असफल रहने के बाद से ही वह प्रशंसकों के निशाने पर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में बुमराह एक भी विकेट नहीं ले पाये और उन्होंने 56 रन दे दिए। यह उनके टी20 करियर के सबसे महंगे स्पेल में से एक रहा, जिसके बाद से ही वह आलोचनाओं का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में टीम के बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड ने बुमराह का बचाव किया है। में पोलार्ड ने कहा कि हर खिलाड़ी अपने करियर में उतार-चढ़ाव से गुजरता है और बुमराह भी कोई अलग नहीं हैं। उन्होंने कहा, बुमराह ने लगातार अविश्वसनीय प्रदर्शन किया है। एक खिलाड़ी के तौर पर वह अपने खराब दौर से गुजर रहे हैं जिसमें गलतियां होती हैं। हमें हमेशा उनके बेहतरीन योगदान को याद रखना चाहिए न कि केवल एक-दो खराब प्रदर्शन पर उन्हें आंकना चाहिए। पोलार्ड ने प्रशंसकों और आलोचकों से खिलाड़ियों के प्रति थोड़ा संयम बरतने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हर पल सार्वजनिक जांच के दायरे में रहते हैं, जिससे उनकी गलतियां सामान्य लोगों की तुलना में कहीं ज्यादा नजर आती हैं। पोलार्ड ने तर्क दिया, जब आम लोग कोई गलती करते हैं, तो उन्हें अक्सर उसे सुधारने का मौका मिलता है, लेकिन क्रिकेटर्स को शायद ही कभी ऐसी राहत मिलती है। वे हर समय दबाव में रहते हैं। इसलिए, हमें उन्हें थोड़ा सोचने और वापसी करने का मौका देना चाहिए। यह बयान खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य और क्रिकेट के मैदान पर उनके प्रदर्शन के बीच के नाजुक संतुलन को दिखाता है।

क्रिस ने 200 वां गोल कर नॉटिंघम को एस्टन पर जीत दिलायी

नॉटिंघम (ईएमएस)। क्रिस वुड के गोल से नॉटिंघम फॉरेस्ट ने यूईएफए यूरोपा लीग फुटबॉल सेमीफाइनल के पहले चरण में को एस्टन विला को 1-0 से हराकर बढ़त दर्ज की है। इस मैच में वुड ने अपने करियर का 200 वां गोल दागा। इस जीत से फॉरेस्ट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीद बढ़ गयी है, हालांकि दूसरे चरण की चुनौती अभी बरकरार है।

इस मैच में दोनों टीमों ने शुरुआत में रक्षात्मक रख अपनाया पर समय के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने धीरे-धीरे खेल पर अपना दबदबा बना लिया। फॉरवर्ड मॉर्गन गिब्स-व्हाइट ने कुछ अच्छे मूव बनाये पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पाये।

»न्यूज ब्रीफ

भगवान बुद्ध ज्ञान, करुणा, शांति के मार्गदाता - डॉ. उपेन्द्र भार्गव

उज्जैन। बुद्ध दर्शन मन का विज्ञान और समाज का व्याकरण है। तत्व की प्रधानता है। बुद्धि तत्व, कर्तव्य और अकर्तव्य का बोध कराती है। बौद्ध दर्शन में बुद्धितत्व, प्रज्ञा, विवेक का समन्वय है, जो प्रक्रिया है। बुद्धि शील, समाधि से पैदा होती है जो तृष्णा को काटती है। और यह तत्व सिर्फ मनुष्य में ही जो बोध कराती है। डॉ. आम्बेडकर ने इसी प्रज्ञा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण कहा है। बुद्धि तत्व के छ- स्तर श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, प्रतिभा, धृति,

धी जिस मनुष्य के पास इनीक दिव्य शक्ति है, वो ही बुद्ध है। इसीलिए बाबा साहेब ने कहा, मुझे डिग्रियों वाले बुद्धिमान नहीं धी' वाले लोग चाहिए, जो पढ़े हुए संविधान को समता के लिए इस्तेमाल करें। उक्त विचार डॉ. आम्बेडकर पीठ व कृषि विज्ञान अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित महात्मा गौतम बुद्ध जयंती के अवसर पर डॉ. आम्बेडकर एवं बुद्ध दर्शन विषय पर आचार्य डॉ. उपेन्द्र भार्गव, वरिष्ठ शिक्षाविद, ज्योतिष विज्ञान महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ने व्यक्त किए।

अखण्ड साधना शिविर का समापन

उज्जैन। मध्य प्रदेश परम् पूज्य परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने उज्जैन आश्रम पर 28 अप्रैल से लगे 72 घंटे की अखण्ड साधना शिविर का 1 मई 2026 को समापन करते हुए सतसंग में कहा कि इस समय लोगों की आजादी खतरे में है, आज आप आजाद हो लेकिन कोई जरूरी नहीं है कि कल इसी तरह से आजाद रहो। बहुत बाधा आने का संकेत मिल रहा है, लेकिन ये बाधाएं टल सकती हैं। ये साधना शिविरें जो

लगवाई जा रही हैं, ये बाधा को टालने के लिए लगवाई जा रही हैं।

उदाहरण के तौर पर आप समझो कि जैसे जब सूखा-अकाल पड़ता है तब इंद्र और वरुण देवता को खुश करने के लिए यज्ञ हवन करते हैं, उनसे प्रार्थना करते हैं, उनके नाम की ध्वनि करते हैं कि ये खुश हो जाएं और पानी बरसने लग जाए। इसी तरह से संकट को टालने के लिए साधना शिविरें लगवाई जा रही हैं और जय गुरु देव नाम की ध्वनि करवाई जा रही हैं। जिससे आगे संकट टले। संकट कम तो होगा लेकिन पूरा कम नहीं हो पाएगा। जितने भी सतसंगी नामदानी अगर यह महसूस करें कि हमारी आजादी खतरे में है और इस काम में लग जाएंगे तो 16 आना में से 4 आना ही तकलीफें बचेंगी।

ट्रेन में अहमदाबाद जा रहे बच्चों की तस्करी का शक

उज्जैन-नागदा में रेस्क्यू कर 26 नाबालिग छुड़ाए

रात 3 बजे तक चला सर्च अभियान, पुलिस में जांच में जुटी बच्चों को क्यों ले जाया जा रहा था

उज्जैन।

उज्जैन रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात बच्चों की तस्करी की सूचना पर बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रोककर पुलिस, बाल कल्याण समिति (CWC) और अन्य विभागों की टीम ने 26 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक, बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया।

गुरुवार रात करीब 11 बजे जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई।

रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई। वहां एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। इस तरह कुल 26 बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं, जिनमें से दो की उम्र 14 साल से भी कम है। सभी बच्चों को फिलहाल उज्जैन जीआरपी को सौंप दिया गया है। परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी, वहीं बच्चों को फिलहाल CWC उज्जैन में रखा जाएगा। पुलिस को आशंका है कि बच्चों को मजदूरी के लिए गुजरात ले जाया जा रहा था, हालांकि कुछ बच्चे सोमनाथ और अन्य स्थानों पर घूमने जाने की बात भी कह रहे हैं। मामले की जांच जारी है। श्रम विभाग की सहायक आयुक्त राखी जोशी के अनुसार, सूचना थी कि चार लोग 100 से अधिक नाबालिगों को गुजरात ले जा रहे हैं। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि बच्चों को किस उद्देश्य से और किन लोगों द्वारा ले जाया जा रहा था।

94 करोड़ से संवरेंगे शिप्रा के पुराने घाट, टेंडर प्रक्रिया शुरू

उज्जैन।

सिंहस्थ 2028 के लिए शिप्रा नदी के घाटों को नया स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई। 29 किलोमीटर के नए घाटों के निर्माण के साथ वर्तमान में मौजूद 9 किलोमीटर लंबे पुराने घाटों के कायाकल्प की योजना पर भी काम शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा हाल ही में इसके लिए 94 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए हैं।

वर्तमान में रामघाट, दत्त अखाड़ा, त्रिवेणी, भूखी माता, नृसिंह, सुनहरी, सिद्धवट और मंगलनाथ जैसे प्रमुख घाट में सबसे बड़ी समस्या असमानता और जर्जर होने की है। कई जगह से पत्थर निकल आए हैं और फर्शियां टूट चुकी हैं। नगर निगम की 94 करोड़ रुपए की इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी घाटों के प्लेटफार्म, चौड़ाई और आकार-प्रकार को एक समान बनाना है। इसके अलावा 9 किमी लंबे पुराने घाटों की मरम्मत कर पारंपरिक पत्थर की शैली में छत्रियां, मंडप, मेहराब और शेड बनाए जाएंगे।

नदी के किनारों पर लैंडस्केपिंग, हरित बफर जोन और पैदल प्रोमोनेड विकसित कर घाटों को एकीकृत रिवर फ्रंट का स्वरूप दिया जाएगा। इसके अलावा सीनियर सिटीजन्स और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए रैम्प, रेलिंग और बैरियर फ्री पहुंच मार्ग बनाए जाएंगे जिससे भीड़ के दौरान भी सुरक्षित एवं आसान आवागमन हो सके। रिवर फ्रंट बनने के बाद शहर केवल धार्मिक स्थल नहीं बल्कि सांस्कृतिक एवं पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित होगा।

जरूरतों के मुताबिक योजना

इस परियोजना में क्राउड मैनेजमेंट, कचरा निस्तारण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र को विशेष रूप से शामिल किया है। घाटों पर हाईमास्ट, सर्च लाइट, चेतावनी सायरन, गार्ड रूम और पेयजल सुविधाएं भी होंगी। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही के दौरान दुर्घटना जोखिम कम होगा और घाटों पर ठहराव की क्षमता बढ़ेगी प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती समय की है। सिंहस्थ की सभी तैयारियां दिसंबर 2027 तक पूरी करने का लक्ष्य है, जबकि घाटों के काम के लिए टेंडर में 18 महीने का समय निर्धारित किया गया है।

19 मई को होगा समापन, 20 को भंडारा

अघोरी बाबा की अष्टधूनी देखने उमड़े लोग

उज्जैन।

चक्रतीर्थ श्मशान घाट में इन दिनों एक अलग ही माहौल बना हुआ है। दरअसल गर्मी की तपिश के बीच 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच 'अष्टधूनी तपस्या' की जा रही है। 21 दिवसीय यह तपस्या 19 मई तक चलेगी। समापन पर 20 मई को भंडारा आयोजित किया जाएगा। अघोर अखाड़ा, सेनापति कालभैरव गौ सेवा संगठन के बैनर तले खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ व योगी सोमवार नाथ यह तपस्या कर रहे हैं। विष्णुनाथ योगी बम बम नाथ के शिष्य हैं। वह 12 वर्षीय अखंड खड़ेश्वरी अघोर तपस्या कर रहे हैं।

के मध्य बैठकर एवं खड़े रहकर की जाने वाली यह तपस्या अत्यंत कठिन रहती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अष्टधूनी तपस्या पंचतत्व अग्नि, जल, पृथ्वी, वायु और आकाश को साक्षी मानकर शरीर एवं मन को साधने, आत्म-साक्षात्कार तथा तांत्रिक सिद्धियों की प्राप्ति के उद्देश्य से की जाती है। यह तपस्या भगवान काल भैरव, अष्टभैरव एवं परम पूज्य योगी बाबा बम बम नाथ जी महाराज को समर्पित है। आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत, महंत एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म एवं साधना के इस अद्भुत स्वरूप का अनुभव कर रहे हैं।

गोरक्षा का संकल्प

संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रवि चौधरी ने बताया कि सनातन धर्म एवं गौ माता की रक्षा के संकल्प के साथ यह 21 दिवसीय यज्ञ एवं तपस्या आयोजित की जा रही है। रोजाना दोपहर 12 से 3 बजे तक साधक अपने चारों ओर आठ दिशाओं में अग्नि धूनियां प्रज्वलित कर कठोर साधना करते हैं। चौधरी के मुताबिक नौवां स्थान सूर्य देव को समर्पित माना जाता है। प्रचंड गर्मी के बीच अग्नि

शहर की पॉश कालोनी पार्श्वनाथ सिटी पर संपत्तिकर बकाया, चार प्लॉट होंगे नीलाम

उज्जैन।

शहर की सबसे पॉश कॉलोनी कही जाने वाली पार्श्वनाथ सिटी पर संपत्ति कर की बकाया राशि 62 लाख रुपए से अधिक हो गई है। ऐसे में नगर निगम ने कॉलोनी के कुर्क चार प्लॉटों को नीलाम करने का फैसला किया है।

कॉलोनाइजर ने देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी का वर्ष 2018-19 से वर्ष 2025-26 तक का संपत्तिकर नहीं चुकाया है। जोन नंबर 6 के संपत्तिकर अधिकारी ने

इसके एवज में कॉलोनी के प्लाट नंबर-45, B88, B136 और D114 को नीलाम करने का फैसला किया है। इस संबंध में निगम अफसरों ने कहा है कि इन प्लॉटों की खरीदी-बिक्री न करें।

महाकाल मंदिर के पास खुदाई में प्राचीन शिवलिंग निकला

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पास चल रही अंडरपास की खुदाई के दौरान करीब 200 फीट नीचे से प्राचीन शिवलिंग निकला है। शुक्रवार सुबह 4 बजे खुदाई कर रहे मशीन ऑपरेटर ने शिवलिंग देखा तो तुरंत मंदिर के पुजारियों और समिति को इसकी सूचना दी। महाकाल मंदिर के पास महाराजवाड़ा के सामने (पुराना महाकाल थाना भवन के नीचे) इन दिनों अंडरपास बनाने का काम चल रहा है। इसके लिए मशीनों से खुदाई की जा रही है। शुक्रवार सुबह मशीन ऑपरेशन नरेश प्रजापति ने यहां पर खुदाई के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग देखा। उन्होंने खुदाई बंद कर तुरंत इसकी सूचना सुपरवाइजर को और फिर मंदिर समिति व पुजारियों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुजारीगण मौके पर पहुंचे और शिवलिंग का अभिषेक कर पूजन किया। शिवलिंग को फिलहाल वहीं स्थान दिया गया है, बाद में उसे अन्य जगह पर स्थापित किया जाएगा।

मदार-गडगांव, वटवा-हावड़ा के बीच स्पेशल ट्रेन

उज्जैन। गर्मी की छुट्टियों के दौरान बढ़ती मांग और पैसेंजर्स की सुविधा को देखते रेलवे ने रतलाम मंडल से मदार-मडगांव एवं वटवा-हावड़ा के बीच वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाई है। जर्स की सुविधा को देखते रेलवे ने रतलाम मंडल से मदार-मडगांव एवं वटवा-हावड़ा के बीच वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाई है।

चिमनगंज मंडी में अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद

नगरनिगम और मंडी प्रशासन आमने-सामने

उज्जैन।

चिमनगंज मंडी में मोहननगर तरफ का अतिक्रमण हटाने को लेकर बनाने को लेकर नगरनिगम और मंडी प्रशासन आमने-सामने हो गया है। गुरुवार को मौके पर पहुंची नगरनिगम की टीम का मंडी प्रशासन ने जमकर विवाद हुआ। हालांकि अपर आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद यह टल गया।

दरअसल मोहननगर तरफ नगरनिगम ने फुटपाथ बनाया है और रैलिंग लगाई है। चिमनगंज मंडी के पिछली तरफ आने वाले इस हिस्से से ट्रक गुजरते हैं और वह रैलिंग और फुटपाथ को नुकसान पहुंचाते हैं। इसे ही रोकने के लिए नगरनिगम की टीम झोनल अधिकारी सुनील जैन के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने गई थी। उसने अतिक्रमण हटाना शुरू ही किया था कि अनाज तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल और मंडी सचिव राजेश गोयल पहुंच गए।

दोनों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया। उन्होंने चालानी कार्रवाई भी रोष जाहिर किया। करीब आधे घंटे तक दोनों पक्ष आमने-सामने होते रहे। आखिर में अपर आयुक्त के आदेश पर टीम मौके से लौट आई। एमआईसी मेंबर शिवेंद्र तिवारी का कहना है कि क्षेत्र की जनता मंडी से निकलने वाले ट्रकों के कारण परेशान है। इसे रोकने के लिए ही रेलिंग लगाई गई है। रोज रेलिंग को नुकसान पहुंचाया जाता है। टीम रोकने की कोशिश करती है तो विरोध किया जाता है।

इधर अनाज तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर निगम के कर्मचारी अवैध वसूली करते हैं। गुरुवार को भी चालान बनाए जा रहे थे। इसका ही विरोध किया था।

इस संबंध में मंडी सचिव राजेश गोयल का पक्ष नहीं मिला है।

स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर बेहद नाराज

बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश

उज्जैन।

जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की बैठक में गुरुवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह का गुस्सा फूट पड़ा। काम में लापरवाही पर वह खासे नाराज हुए और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को वेतन काटने से लेकर निलंबन तक की चेतावनी दे दी। सिंह ने कहा कि फील्ड में रहिए। बैठक में बच्चों के रिकवरी दर कम होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और एक पर्यवेक्षक को सस्पेंड कर दिया है, जिला समन्वयक की सेवा समाप्त कर दी है और 13 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकी गई है।

स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के एएनसी पोर्टल के अपलोड डेटा में भिन्नता मिलने पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग में तालमेल की समझाइश दी। गर्भवती महिलाओं की संख्या की समीक्षा के दौरान बड़नगर सीडीपीओ सक्रिय प्रसूति की संख्या और गर्भवती महिलाओं का ब्योरा नहीं दे सकें।

सीडीपीओ/बीएमओ को निलंबन की चेतावनी

इस पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने कहा यदि सीडीपीओ/बीएमओ सही कार्य नहीं करते है तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा समस्त सीडीपीओ व सुपरवाइजर रोजाना सुबह 8 बजे रैंडमली आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपस्थित रहें और उसकी रिपोर्ट तत्काल प्रेषित करें। सभी एसडीएम भी यह सुनिश्चित करेंगे कि जिला कार्यक्रम अधिकारी और विभाग के अन्य अधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आ रहे है अथवा नहीं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संपर्क एप पर उपस्थिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अनुपस्थित कार्यकर्ताओं का वेतन काटने के निर्देश दिए। पीएम मातृ वंदना योजना में केंद्रों में दर्ज गर्भवती महिलाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इनकी शत-प्रतिशत जानकारी अनमोल पोर्टल पर दर्ज की जाए यह केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें कोई कोताही ना बरती जाए।

ह्यूमन ट्रैफिकिंग की शंका में रात 1 बजे ट्रेन से 50 से अधिक को उतारा

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात बच्चों की तस्करी की सूचना पर प्रशासन ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। अंत्योदय एक्सप्रेस को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रुकवाकर पुलिस, बाल कल्याण समिति और अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने करीब 20 से अधिक नाबालिग को उनके साथियों (कुल 50 से अधिक) को उतारा है। ये सभी लोग बिहार के हैं और अलग-अलग मकसद से गुजरात जा रहे थे। बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी कि बिहार के मुजफ्फरनगर से करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए गुजरात ले जाया जा रहा है। इस इनपुट पर सिटी पुलिस बल के साथ आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग ने कार्रवाई शुरू की। गुरुवार रात करीब 11 बजे ट्रेन के उज्जैन पहुँचते ही तलाशी शुरू हुई। आधे घंटे की पूछताछ में 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया, इसी दौरान ट्रेन स्टेशन से रवाना हो गई।

नृसिंह जयंती पर राधा-कृष्ण का नौका विहार, इस्कॉन में भक्ति में झूमे भक्त

भगवान नृसिंह का अभिषेक किया, सैकड़ों भक्त पहुंचे इस पल का साक्षी बनने

उज्जैन।

भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में नौका विहार उत्सव की शुरुआत नृसिंह जयंती पर गुरुवार को हुई। इस पावन पर अवसर पर विशेष पूजा अभिषेक, कथा एवं आरती की गई जिसमें सैकड़ों भक्त भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे और भक्ति में जमकर झूमे।

दरअसल, नृसिंह चतुर्दशी पर कार्यक्रम में शाम 5.30 बजे भगवान नृसिंह का महाभिषेक कर 7 बजे महाआरती की गई। इसके साथ ही पूज्य लोकनाथ स्वामी महाराज के सान्निध्य में नौका महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस विशेष महोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर में बनाए गए करीब 30 फीट के पवित्र सरोवर में 10 फीट लंबी एवं 5 फीट चौड़ी सुंदर नौका में श्रीराधा-कृष्ण विराजमान हुए और दिव्य विहार किया। इस पल के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान राधे-कृष्ण, राधे-कृष्ण गूंजता रहा।

फूलों से सजा मंदिर, जमकर झूमे भक्त

नृसिंह चतुर्दशी के मौके पर मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। भगवान को विशेष पोशाक पहनाकर अद्भुत शृंगार किया गया। इस बीच जब भगवान नृसिंह का अभिषेक किया जा रहा था तो बड़ी संख्या में भक्त राधे-कृष्ण की धुन पर झूम रहे थे। इस दौरान पूरा परिसर खचाखच भरा था।

भगवान लक्ष्मी-नृसिंह का आकर्षक शृंगार, महाआरती की

इधर, श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री लक्ष्मी-नृसिंह मंदिर में श्री नृसिंह चतुर्दशी महापर्व पर गुरुवार शाम भगवान श्री लक्ष्मी-नृसिंह का विशेष शृंगार कर महाआरती की गई। तत्पश्चात भोग अर्पित किया गया। मंदिर को मोगरे के फूलों से सजाया गया। इस दौरान दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते रहे।

शीतलता के लिए नौका विहार की परंपरा

वैशाख और ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में शीतलता के लिए भगवान राधा मदनमोहन को नौका विहार करवाने की परंपरा है। दिनभर की झुलसा देने वाली गर्मी के बाद गोधूलि वेला में भगवान को नौका विहार करवाया गया। 6 मई तक प्रतिदिन शाम 5.30 से 8 बजे तक इस उत्सव का आयोजन होगा जिसमें भक्त नौका विहार के दर्शन के साथ स्वयं भगवान को नौका विहार करवा सकते हैं। प्रतिदिन संध्याकाल में खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो. : 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com